


राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



राणा दग्गुबाती ने लक्ष्मी मांचू की ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

शनिवार, 18 फरवरी 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्ष: 10 अंक: 59 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


# रामचरितमानस का विरोध करने पर मौर्य को सपा में मिली तरक्की

## मगर राम का गुणगान करने पर रोली तिवारी मिश्रा और ऋचा सिंह पार्टी से निष्कासित

लखनऊ। श्रीरामचरितमानस की चौपाइयों के खिलाफ अनर्गल बातें कहने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य को समाजवादी पार्टी ने तत्काल पदोन्नति देकर राष्ट्रीय महासचिव बना दिया लेकिन जब पार्टी की दो महिला नेताओं ऋचा सिंह और रोली तिवारी मिश्रा ने स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों का विरोध करते हुए प्रभु राम का गुणगान किया तो इन दोनों महिला नेत्रियों को समाजवादी पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। देखा जाये तो राम भक्तों पर गोली चलवा चुकी समाजवादी पार्टी का राम विरोध अक्सर बाहर आ जाता है। रोली तिवारी मिश्रा और ऋचा सिंह को जिस तरह बिना कोई कारण बताओ नोटिस दिये और बिना उनका पक्ष सुने पार्टी से बाहर किया गया है वह यह भी दर्शाता है कि समाजवादी पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र नाम की कोई चीज नहीं है। दअरसल पारिवारिक व्यवस्था के आधार पर चलने वाले राजनीतिक दलों से जुड़े कार्यकर्ताओं का भाग्य हमेशा अधर में ही लटका रहता है क्योंकि यदि उनके द्वारा कही गयी बात उस दल को चलाने वाले परिवार से जुड़े मम्मी, पापा, चाचा, चाची, ताऊ, ताई, भाई या बहन में से किसी को भी बुरी लग गयी तो उस कार्यकर्ता की सारी मेहनत पर पानी फिर जाता है। ऋचा सिंह और रोली तिवारी मिश्रा ने समाजवादी पार्टी की मजबूती के लिए भले काफी प्रयास किये लेकिन जब अखिलेश यादव यह तय कर चुके हैं कि स्वामी प्रसाद मौर्य अपने अभियान को आगे बढ़ायें तो वह यह कैसे बर्दाश्त कर सकते हैं कि उन्हीं की पार्टी का कोई नेता उनके निर्देश पर चल रहे इस अभियान की राह में बाधा पहुँचाये। इसलिए जैसे ही स्वामी प्रसाद मौर्य के अनर्गल बयानों के खिलाफ इन दोनों महिला नेत्रियों ने आवाज उठाई, उन्हें बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। समाजवादी पार्टी से निकाले जाने के बाद एक टीवी चौनल पर इन दोनों महिला नेत्रियों ने जो कुछ कहा उसे उन कार्यकर्ताओं को अवश्य सुनना चाहिए जो पारिवारिक राजनीति करने वाले राजनीतिक दलों से जुड़े हुए हैं।



टीवी चौनल से बातचीत के दौरान दोनों महिला नेत्रियों ने आरोप लगाया कि बिना उनका पक्ष जाने और समझे यह कार्रवाई की गयी है जोकि असंवैधानिक है। रोली तिवारी मिश्रा तो अपनी बात कहते हुए भावुक हो गयीं और फूट–फूटकर रोने तक लग गयीं। रोली तिवारी मिश्रा का कहना है कि मैं हमेशा अखिलेश यादव का हौसला बनकर खड़ी रही। मुलायम सिंह यादव मेरे पिता की तरह थे। उनका कहना है कि मैंने श्रीराम का नाम लिया तो पार्टी से मुझे निकाल दिया गया। रोली तिवारी मिश्रा ने कहा कि भगवान श्रीराम इस देश की आत्मा हैं। यह आस्थाओं का देश है इसलिए हमारी आस्थाओं के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यही बात मैं पार्टी के पटल पर लगातार रख रही थी लेकिन इसकी प्रतिक्रिया यह हुई कि उन्होंने श्रीरामचरितमानस को जलाया। उन्होंने बताया कि इसके बाद मैं मुखर होकर स्वामी प्रसाद मौर्य का सोशल मीडिया पर विरोध करने लगी तो पार्टी ने स्वामी प्रसाद मौर्य को राष्ट्रीय महासचिव बना दिया। वहीं, ऋचा सिंह का भी कहना है कि मैंने कोई अनुशासनहीनता नहीं की। उन्होंने कहा कि हमने श्रीरामचरितमानस पर टिप्पणी करने वाले नेता का विरोध किया था। इस कारण मुझे पार्टी से निकाल दिया गया। ऋचा सिंह का कहना है कि अगर भगवान श्रीराम और रामचरितमानस के लिए यह सजा मिली है तो यह सजा मुझे कुबूल है। उन्होंने कहा कि हमने पार्टी की 10 वर्षों तक सेवा की। पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए लगातार मेहनत की लेकिन पार्टी ने बिना कारण बताओ नोटिस के अंसवैधानिक रूप से हम पर कार्रवाई कर दी। उधर, अयोध्या स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर के महंत राजू दास ऋचा सिंह और रोली मिश्रा के समर्थन में आ गये हैं। उन्होंने कहा है कि समाजवादी पार्टी ने दिखा दिया है कि जो राम का अपमान करेगा उसे पार्टी में तरक्की दी जायेगी और जो राम का गुणगान करेगा उसे पार्टी से बाहर कर दिया जायेगा।

# उत्तर प्रदेश की चीनी मिलें, एक सामान्य चीनी उत्पादन करने वाली मिल से आगे बढ़कर शुगर कॉम्प्लेक्स के रूप में उभरी: सीएम योगी

### बीते छह वर्ष में 'डबल इंजन' सरकार में गन्ना किसानों को एक लाख 97 हजार करोड़ रुपये का किया भुगतान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में चीनी उद्योग की सराहना करते हुए शुक्रवार को कहा है कि देश में सर्वाधिक गन्ना और चीनी उत्पादन करने वाले उत्तर प्रदेश की चीनी मिलें आज प्रधानमंत्री की नीतियों को अपनाते हुए सबसे ज्यादा एथनॉल उत्पादन कर हरित ऊर्जा के स्रोत के रूप में पहचानी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि यह बदलाव हमारे किसानों की आय में वृद्धि और जीवन में समृद्धि लाने वाली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते छह वर्षों में प्रदेश की चीनी मिलों ने आधुनिकता की जो राह पकड़ी है, उससे आज उत्तर प्रदेश की चीनी मिलें, एक सामान्य चीनी उत्पादन करने वाली मिल से आगे बढ़कर शुगर कॉम्प्लेक्स के रूप में उभरी हैं। उन्होंने कहा कि एक ही परिसर में चीनी भी बन रहा है। ऑक्सीजन संयंत्र और एथनॉल संयंत्र भी हैं। प्रदेश में चीनी उद्योग के 120 वर्ष पूरे होने के मौके पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने कहा कि 120 वर्ष पहले किसानों के हित को ध्यान में रखकर प्रदेश में पहला चीनी मिल तत्कालीन गोरखपुर जिले के देवरिया (प्रतापपुर) में स्थापित किया गया था। उन्होंने कहा कि हालिया कुछ दशकों में जिस तरह चीनी मिलें बंद होती जा रहीं थीं, किसान हताश और परेशान थे, पलायन को मजबूर थे, उसने चीनी उद्योग के सामने बड़ा संकट खड़ा कर दिया थाय लेकिन 2017 के बाद परिवेश बदला। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चीनी मिलों से संवाद कर तय हुआ कि जब तक किसान का गन्ना खेत में होगा, चीनी मिलें गन्ना खरीद जारी रखेंगी और यह सुखद है कि मिलों ने ऐसा ही किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते छह वर्ष में 'डबल इंजन' सरकार में गन्ना किसानों को एक लाख 97 हजार करोड़ रुपये का भुगतान डीबीटी के (सीधे गन्ना किसानों के खाते में) माध्यम से किया गया। जल्द ही यह दो लाख करोड़ रुपये हो जाएगा। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में 100 चीनी मिलें ऐसी हैं, जो खरीद के 10 दिन के भीतर किसान का भुगतान कर दे रही हैं। यह बड़ा बदलाव है, शेष मिलों को भी ऐसे ही प्रयास करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज गन्ना पर्ची की समस्या नहीं है, घटतौली की शिकायतें समाप्त हो गई हैं तो गन्ना किसानों की संख्या 45 लाख से 60 लाख हो गई। गन्ने का उत्पादन भी बढ़ा है और रकबा भी। यही नहीं रिकवरी भी 11 प्रतिशत से अधिक हो रही है। चीनी मिल मालिकों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री ने कहा कि चीनी उद्योग और सरकार के बीच गन्ना किसान है।



## कोकीन तस्करी के आरोप में दिल्ली हवाई अड्डे से नाइजीरियाई महिला गिरफ्तार : सीमाशुल्क

नयी दिल्ली। देश में 18 करोड़ रुपये मूल्य की कोकीन की तस्करी के आरोप में दिल्ली हवाई अड्डे पर एक नाइजीरियाई महिला को गिरफ्तार किया गया। सीमाशुल्क के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आठ फरवरी को अदीस अबाबा से यहां पहुंचने पर आरोपी को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर रोका गया। उन्होंने बताया कि 18 करोड़ रुपये मूल्य का करीब 1.2 किलोग्राम कोकीन जब्त किया गया जिसे उसने अपने बैग में छिपाकर रखा था। उन्होंने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी है।

## दिल्ली मेयर चुनाव में आप को बड़ी राहत, नामित सदस्य नहीं डाल सकते वोट, 24 घंटे में अधिसूचना जारी करने का निर्देश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली मेयर चुनाव कराने की मांग वाली आम आदमी पार्टी (आप) की याचिका पर सुनवाई की। मनोनीत सदस्यों को मतदान करने की अनुमति देने के सवाल पर आप और भाजपा सदस्यों के बीच सहमति नहीं बन पाने के कारण सदन में हंगामे के बाद तीन पूर्व अवसरों पर इस पद के लिए चुनाव में देरी हुई है। वहीं अब पूरे मामले में आम आदमी पार्टी को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर बड़ा फैसला देते हुए कहा कि मेयर चुनाव में राज्यपाल द्वारा मनोनीत 10 पार्षद (एल्डरमैन) वोट नहीं करेंगे।



## अरुणाचल प्रदेश: पेपर लीक मामले को लेकर सुरक्षाकर्मियों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प, धारा 144 लागू

अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (।च्ैब्) के पेपर लीक मामले को लेकर ईटानगर में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान



सुरक्षाकर्मियों और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हो गई। आईजीपी चुखु आपा ने कहा कि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए, सुरक्षाकर्मियों को आंसू गैस का इस्तेमाल करने के लिए मजबूर होना पड़ा और प्रदर्शनकारियों पर लाठी चार्ज करना पड़ा। झड़प के दौरान चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। ईटानगर राजधानी क्षेत्र में पर्याप्त सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। अरुणाचल प्रदेश कैबिनेट ने शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह को रद्द करने का फैसला किया। अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (।च्ैब्) के पेपर लीक मामले को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन को लेकर आधी रात से ईटानगर राजधानी क्षेत्र में सीआरपीसी की धारा 144 लागू कर दी गई है।

## भिवानी घटना पर बोले ओवैसी, जुनैद–नासिर को संगठित गिरोह ने मारा, भाजपा सरकार इस घटना की जिम्मेदार

चंडीगढ़ । हरियाणा के भिवानी जिले में एक वाहन से राजस्थान के 2 लोगों के जले हुए शव बरामद हुए हैं। इनकी पहचान 25 वर्षीय नासिर और 35 वर्षीय जुनैद के रूप में हुई है। अब इसको लेकर राजनीति भी शुरू हो गए हैं। एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने सीधे तौर पर हरियाणा की भाजपा सरकार को ही जिम्मेदार ठहरा दिया है। अपने बयान में उन्होंने कहा कि जुनैद और नासिर को एक संगठित गिरोह ने मारा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार इस घटना की जिम्मेदार है क्योंकि वे इस संगठित गिरोह को संरक्षण देते हैं। एआईएमआईएम सांसद ने कहा कि मैं हरियाणा में एक संगठित गिरोह द्वारा जुनैद और नासिर की हत्या की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। उन्होंने दावा किया कि घटना में नामित एक मोनू को हरियाणा में भाजपा सरकार का संरक्षण प्राप्त है। वे इस घटना के लिए जिम्मेदार हैं। इसके साथ ही उन्होंने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री और गृह मंत्री इस घटना पर बोलेंगे? उन्होंने आरोप लगाया कि यह एक तथाकथित श्गौ–रक्षकश गिरोह द्वारा जुनैद और नासिर की अमानवीय हत्या है। उन्होंने दावा किया कि ये पीपीएल भाजपा–आरएसएस द्वारा समर्थित हैं। भाजपा द्वारा कट्टरवादी बनाए गए ये तत्व कल उनके खिलाफ हो जाएंगे। ओवैसी ने कहा कि हरियाणा में केंद्र और भाजपा सरकार को ऐसे तत्वों की रक्षा और संरक्षण नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सक्रिय रूप से ऐसे कट्टरपंथी तत्वों को बढ़ावा दे रही है जो श्गौ–रक्षकश होने की आड़ में लोगों की हत्या कर रहे हैं और जबरन वसूली कर रहे हैं। उन्हें ऐसे लोगों को बढ़ावा देना बंद करना चाहिए।




## नीतीश ने बीबीसी के परिसरों पर आयकर विभाग के सर्वेक्षणों की आलोचना की

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली और मुंबई में बीबीसी के परिसरों पर आयकर विभाग के सर्वेक्षण नरेंद्र मोदी सरकार की आलोचना के प्रति असहिष्णुता के स्पष्ट संकेत हैं। पटना में आयोजित एक समारोह में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान बीबीसी के कार्यालयों पर आयकर विभाग की कार्रवाई से जुड़े एक सवाल पर जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के शीर्ष नेता ने कहा, ''बीबीसी पर हुई कार्रवाई से समझ लीजिए कि उनलोगों की इच्छा क्या है, यह बहुत स्पष्ट है। उनलोगों के खिलाफ कोई भी बोलेगा तो कार्रवाई होगी। मैं समाधान यात्रा पर था, इसलिए इस बारे में विस्तृत जानकारी नहीं है।'' पत्रकारों के अन्य सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)के नेताओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि ''हमारे खिलाफ जिसको जो बोलना है और जो कहना है कहते रहें। हम रात–दिन लोगों की सेवा करने और काम करने में लगे रहते हैं। हम सबके हित में लगातार काम करते रहते हैं। किसी के हमारे खिलाफ बोलने से हमको कोई फर्क नहीं पड़ता है। जनता मालिक है। जनता सब देख रही है कि कौन क्या कर रहा है।'' उन्होंने कहा, ''पहले जो काम करते थे उनकी मीडिया में चर्चा होती थी, लेकिन आजकल जो लोग बोलते हैं उन्हीं की मीडिया में ज्यादा चर्चा होती है।'' संसद में गौतम अडाणी मामले की जांच के लिए संयुक्त संसदीय समिति गठित करने की मांग से संबंधित प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि कहीं कोई घटना घटती है तो सांसदों को अपनी बातों को रखने का अधि ाकार है।








# कानपुर देहात घटना: ममता बनर्जी का सवाल, मां–बेटी की मौत की जांच के लिये क्यों नहीं भेजी गई केंद्रीय टीम ?

कोलकाता। उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात में कथित तौर पर एक अतिक्रमण विरोधी अभियान के दौरान आत्मदाह के कारण मां–बेटी की हुई मौत को लेकर राजनीति जारी है। अब इस मामले को लेकर ममता बनर्जी ने भी भाजपा पर प्रहार किया है। इतना ही नहीं, उन्होंने साफ तौर पर सवाल किया कि मां–बेटी की मौत की जांच के लिए केंद्रीय टीम क्यों नहीं भेजी गई? दरअसल, विपक्ष लगातार आरोप लगाता रहा है कि उनके शासित राज्यों में इस तरह के मामलों को लेकर तुरंत ही केंद्रीय टीम भेजी जाती है। लेकिन भाजपा शासित राज्यों में इस तरह के मामले होते हैं तो भी केंद्रीय टीम नहीं भेजी जाती है। आज अपने बयान में ममता बनर्जी ने कहा कि एक अतिक्रमण रोधी अभियान के दौरान भाजपा शासित उत्तर प्रदेश में मां बेटी की मौत की जांच के लिए कोई केंद्रीय टीम क्यों नहीं भेजी गई? उन्होंने बांकुड़ा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान दावा किया कि उत्तर प्रदेश में यह अभियान गरीब लोगों को बेदखल करने के लिए चलाया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने सवाल किया कि ऐसे मामलों में कोई जांच नहीं की जाती है? वहां कोई केंद्रीय टीम क्यों नहीं भेजी जाती है? इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल में उनके सरकार गरीबों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उन्हें जमीन का अधिकार देती हैं। आपको बता दें कि ममता बनर्जी केंद्र सरकार पर विभिन्न मुद्दों को लेकर लगातार हमलावर रहती हैं। दूसरी ओर उत्तर प्रदेश की सरकार कानपुर देहात मामले को लेकर पूरी तरह से सक्रिय नजर आ रही है। उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से साफ तौर पर दावा किया जा रहा है कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जाएगी। इसके अलावा कई लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा चुकी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मामले को लेकर कहा कि विशेष जांच दल (एसआईटी) जांच कर ही रहा है, साथ ही, मजिस्ट्रेट जांच के भी आदेश दिए गये हैं। योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को ट्वीट किया, कानपुर की घटना दुरूखद है। इसके लिए एसआईटी काम कर रही है। हमने मजिस्ट्रेट जांच के भी आदेश दिए हैं।



# त्योहार के मद्देनजर डीएम ने नगर भ्रमण कर साफ–सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

बहराइच। महाशिव रात्रि के मद्देनजर नगर क्षेत्र में साफ.सफाई का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने डीएम तिराहा, पानी टंकी तिराहा, स्टेडियम, गुरूनानक चौक, महार्षि बालार्क चिकित्सालय डिगिहा तिराहा, छावनी चौराहा, घंटाघर, पीपल तिराहा इत्यादि का सघन निरीक्षण करते हुए मौके पर ही नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय व नगर पालिका परिषद बहराइच के अधिशासी अधिकारी को निर्देश दिया कि सम्पूर्ण नगर विशेषकर महाशिव रात्रि के पर्व के दृष्टिगत सिद्धनाथ पीठ सहित अन्य मन्दिरों एवं शिवालयों के रास्तों एवं परिसरों तथा उसके आस–पास के क्षेत्रों में साफ–सफाई के विशेष प्रबन्ध किये जाए ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।

महाशिव रात्रि पर्व के अवसर पर मन्दिरों एवं शिवालयों की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के उद्देश्य से डीएम डॉ. चन्द्र ने सिद्धनाथ मन्दिर पहुंचकर विधि–विधान के साथ पूजा अर्चना की तथा महामण्डलेश्वर रवि गिरी महाराज से पर्व के सम्बन्ध में की गई व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। गिरी जी महाराज ने मन्दिर पहुंचे डीएम, सीएमओ डॉ. एस.के. सिंह, नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय व अन्य का अंगवस्त्र भेंट कर आशीर्वाद प्रदान किया। डीएम डॉ. चन्द्र ने नगर पालिका प्रशासन को निर्देशित किया कि सड़कों के किनारे रेहड़ी लगाने वालों को व दुकानदारों को निर्देशित करें कि वे नगर को साफ–सुथरा रखने के लिए डस्टबीन अवश्य रखें। डीएम ने यह भी कहा कि ठेला व रेहड़ी लगाकर अतिक्रमण करने वालों को नियमानुसार नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जाय। डीएम डॉ. चन्द्र ने नगर क्षेत्र की साफ–सफाई व्यवस्था के लिए नगर मजिस्ट्रेट को नोडल अधिकारी नामित करते हुए निर्देश दिया कि सफाई व्यवस्था के सम्बन्ध में डे–बाई–डे अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगी। डीएम ने जनपदवासियों को महाशिव रात्रि पर्व की बधाई देते हुए अपील की है कि सौहार्द पूर्ण माहौल में पर्व को मनाएं।

# चीनी मिल ने पेराई सत्र 2021–22 के शत–प्रतिशत गन्ना मूल्य का किया भुगतान

बहराइच।जिले में गन्ना मूल्य भुगतान की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिला गन्ना अधिकारी शैलेश कुमार मौर्य ने बताया कि शिम्भावली शुगर मिल यूनिट चिलवरिया द्वारा पेराई सत्र वर्ष 2021–22 के बकाया गन्ना मूल्य का शत–प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है। गन्नाधिकारी श्री मौर्य ने बताया कि चीनी मिल द्वारा 16 फरवरी 2023 तक रू. 10941.34 लाख रूपये का भुगतान किया गया है। श्री मौर्य ने यह भी बताया कि जनपद की अवस्थित अन्य चीनी मिलों परसेण्डी, जरवल रोड व नानपारा द्वारा भी पेराई सत्र वर्ष 2021–22 का शत–प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है।

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने इस स्थिति पर संतोष व्यक्त करते हुए जिला गन्ना अधिकारी व चीनी मिल के अधिकारियों को निर्देश दिया कि चालू पेराई सत्र के बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान भी किसानों को करते रहें। डीएम डॉ. चन्द्र ने कहा कि गन्ना मूल्य का भुगतान समयबद्धता के साथ भुगतान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। इसलिए सभी चीनी मिले गन्ना मूल्य भुगतान को संजीदगी से लें और समय पर गन्ना कृषकों को गन्ना मूल्य का भुगतान करते रहें।

गन्नाधिकारी को निर्देश दिया कि गन्ना मूल्य भुगतान कार्य का नियमित अन्तराल पर पर्यवेक्षण करते रहें। इस अवसर पर मुख्य महा प्रबन्धक चिलवरियां पी.एन. सिंह, महा प्रबन्धक गन्ना चीनी मिल बजाज कुन्दरकी गोण्डा एन. के. दूबे, वरिष्ठ गन्ना प्रबन्धक बजाज उतरौला बलरामपुर आर. एस. मिश्रा, मुख्य महा प्रबन्धक चीनीमिल आईपीएल जरवलरोड टी.एस. राना, अपर महा प्रबन्धक पारले जी जगतार सिंह, महा प्रबन्धक चीनीमिल नानपारा शेर बहादुर यादव, गन्ना प्रबन्धक चीनीमिल खम्भारखेड़ा लखीमपुर राज सिंह कुन्दू, गन्ना प्रबन्धक चीनीमिल ऐरा लखीमपुर पंकज श्रीवास्तव, गन्ना सचिव, गन्ना समिति बहराइच राजेश कुमार वर्मा व जरवलरोड दीपक कुमार वर्मा तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# इंद्रधनुषी सांस्कृतिक छटा बिखेर अमृत महोत्सव का हुआ समापन

## सांस्कृतिक मंच पर किन्नर समाज,धर्मगुरुओं, पत्रकार व समाजसेवियों का हुआ सम्मान

बहराइच।शहर के गेंदघर मैदान में विगत 18 दिन से चल रहे अमृत महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन हो गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी रही।जनपद के इतिहास में यह पहला मौका था जहां किन्नर समाज को सम्मान से नवाजा गया।कार्यक्रम में हर वर्ग के प्रबुध्द लोगों को एकजुट करने का विहंगम दृश्य दिखाई पड़ा।कार्यक्रम की शुरुआत श्री गणेश वंदना से हुई।पुलवामा आतंकी हमले के शहीदी दिवस के मद्देनजर कार्यक्रम देशभक्ति से सराबोर दिखा।आयोजक मण्डल भी तिरंगा परिधान अपनी छटा बिखेर रहा था।युगल देशभक्ति गीत संदेशे आते है हमे तड़पाते है लोगो बरबस ही तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।उल्लेखनीय हो कि विगत 28 जनवरी से शहर के गेंदघर मैदान में अमृत महोत्सव के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन टीम द्वारा किया जा रहा था जिसका उद्घाटन सदर विधायक अनुपमा जायसवाल द्वारा किया गया थास जिसमे विविध कार्यक्रमों का आयोजन प्रतिदिन किये गए।आयोजन समिति की डायरेक्टर ने बताया कि इस अमृत महोत्सव में बहराइच की प्रतिभाओं को मौका दिया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत गायन, डांसिंग, क्राफ्ट, मेहंदी, कवि सम्मेलन, किड्स मॉडलिंग का आयोजन किया गया। समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉक्टर प्रज्ञा त्रिपाठी रहीं।।कार्यक्रम में किन्नर समाज की गुरु गुड़िया मम्मी एवं उनकी शिष्यों को कायस्थ महासभा के जिलाध्यक्ष अनुज श्रीवास्तव ने अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

कोरियोग्राफर राज द्वारा किन्नर समाज को समर्पित एक नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसे सभी ने बहुत सराहा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण मूक बधिर बच्चों द्वारा देश भक्ति गीत व नृत्य प्रस्तुत किया गया। पुलवामा हमले में शहीद हुए सैनिकों को विभाग प्रचारक डॉ. अवधेश के नेतृत्व में मोमबत्ती जलाकर सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। तत्पश्चात सिख समुदाय के धर्मगुरु विक्रम सिंह, बौद्ध समुदाय से सुंदर लाल गौतम एवं रजौरी में शहीद हुए सुरजीत सिंह के भाई सतवंत सिंह समेत ब्यूरो चीफ मुकेश पाण्डेय , ब्यूरो चीफ अमित पांडेय,एलआईयू प्रभारी रजनीश कुमार राठी,संघ के सह प्रान्त गौ सेवा प्रमुख धर्मेन्द्र सिंह,वरिष्ठ पत्रकार सचिन श्रीवास्तव, शाहनवाज खां,निशा शर्मा,सुनीता सिंह को अंगवस्त्र प्रदान करके सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संचालन डायरेक्टर सोनी श्रीवास्तव और समाजसेवी राकेश चंद्र श्रीवास्तव ने किया। आयोजक मंडल में सुमिति गुप्ता,स्मिता श्रीवास्तव,मूक बधिर विद्यालय की संस्थापिका बलमीत कौर, चरनजीत कौर, दीपा आनंद, शमा परवीन, संध्या श्रीवास्तव, डॉक्टर रिजवाना, नीता श्रीवास्तव,सीमा कुमारी, परविंदर सिंह सम्मी,रवि कुमार, राकेश प्रजापति, मोईद खान, शिवा गुप्ता, आशीष सिंह बन्ना, अक्षय सिंह, हमजा, चंदन मिश्रा, संकेत वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## भारतीय तटरक्षक दिवस पर बहराइच के युवा कलाकार राजेश मलिक मुंबई में हुए सम्मानित

बहराइच। जिले में जैसे ही रंगमंच की चर्चा होती है तो बहराइच के युवा फिल्म अभिनेता एवं साहित्यकार राजेश मलिक का अक्स जेध्हन में उभर आता हैसवह न केवल रंगमंच के बेहतर कलाकार के रूप में स्थापित हो चुके हैं, बॉलीवुड में भी उन्होंने अपने अभिनय का लोहा मनवाया हैस हाल ही में फिल्म अभिनेता राजेश मलिक को मुंबई में भारतीय तटरक्षक बल दिवस ष्इंडियन कोस्टगार्ड डेष पर रंगारंग कार्यक्रम करने के साथ साथ भारतीय तटरक्षक के महानिरीक्षक मनोज वसंत बाडकर, के हाथों से एवार्ड मिला। राजेश मलिक से पूछा आप कहां से हैं तो उन्होंने बताया, महर्षि बालार्क व महाराजा सुहेलदेव की कर्मभूमि बहराइच से हैस राजेश मलिक ने अपना एवार्ड अपनी जन्मभूमि, कर्मभूमि बहराइच को समर्पित किया हैस राजेश मलिक में कला के प्रति समर्पण कूट–कूट कर भरा हैससमाज के तानों को ताक पर रखकर उन्होंने खुद में आकार लेते कलाकार को जिंदा रखास उन्होंने बताया कि बचपन में मां–बाप उन्हें अर्थशास्त्री बनाना चाहते थेसक्योंकि अर्थशास्त्र में परास्नातक उनके मन में कलाकार का स्थान बना लियास नाटय कलाकार के रूप में खुद को स्थापित करने में भरपूर कीमत चुकानी पड़ी. बकौल, राजेश कला के जुनून में मुबंई पहुंचे और काफी संघर्ष के बाद में उन्हें कई फिल्में और सीरियल्स मिले, उनके अभिनय की काफी प्रशंसा हुईस बतौर हीरों राजेश ने पाप की लंका,मेरे देश की धरती, जय राजा जी, डियर फ्रेंड, और वेब सीरीज ब्लाइंड शो, की हैस हाल ही में राजेश मलिक ने दो हिन्दी फिल्म पुत्र –मोह, कोरी चुनरियां और वेब सीरीज ष्डेराष साईन की है. उनकी चर्चित किताब ष्आधा आदमीष, ष्5 फुट 10 इंचष, ष्गांधी के आंसूष, मार्केट में उपलब्ध है।

## हाईटेक 110 सीसी स्कूटर 'जूम' हुआ लांच

अयोध्या। चन्द्रा हीरो और वंशादी हीरो ने संयुक्त रूप से अपने शोरूम में हाईटेक 110 सीसी स्कूटर 'जूम' की लांचिग की। चन्द्रा हीरो के प्रबंधक तरूण गुप्ता ने केक काटकर लांचिग करते हुए कहा कि हीरो मोटर्स आज हर वर्ग की पहली पंसद है, आज भी मात्र हीरो ही ऐसा ब्रांड है जो हर आम इंसान की पहुंच में बना हुआ है। चन्द्र हीरो के महाप्रबंधक चन्द्र प्रकाश गुप्ता ने कहा कि जूम 110 सीसी बी.एस.–6 अनुकूलन इंजन के साथ आता है। इसमें 8.05 बीएचपी 7050 आरपीएम की ज्यादा से ज्यादा पावर और 8.7 एनएमध्5750 आरपीएम का टार्क पैदा होता है। हीरो जूम ज्यादा से ज्यादा आराम और ईंधन की खपत कम करता है। न्यू हीरो जूम को 25 से ज्यादा पेटेंट एपीलिकेशन, शक्तिशाली बी.एस.–06 अनुकूलन इंजन और ब्लुटूथ कनेक्टिविटी, साइड स्टेड इंजन कट–आफ स्कूटर की टेक्निकल प्रोफाइल में नए आयाम जोडता है। लांचिंग के अवसर पर तरूण गुप्ता व महाप्रबंधक चन्द्र प्रकाश गुप्ता व समस्त स्टाफ एवं सम्मानित ग्राहक उपस्थित रहे।

# प्रबन्धक के अनुरोध पर शिक्षकों व कर्मचारियों ने परीक्षा बहिष्कार रविवार तक टाला

अयोध्या। जनवरी माह का वेतन न मिलने से आक्रोशित साकेत कालेज के शिक्षकों–कर्मचारियों ने प्रबन्धक एवं प्राचार्य के अनुरोध का समादर करते हुए छात्रहित में परीक्षा बहिष्कार का निर्णय रविवार तक के लिए स्थगित कर दिया है। वेतन न मिलने पर उत्पन्न गतिरोध पर रविवार को प्रबन्ध समिति की आकस्मिक बैठक आहूत है। शिक्षक संघ एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी परिषद के पदाधिकारियों ने बताया कि उत्पन्न गतिरोध पर यदि कोई सकारात्मक निर्णय लेकर वेतन भुगतान की कार्यवाही सोमवार से प्रारम्भ होने के संकेत नहीं मिलते हैं तो बाध्य होकर 20 फरवरी, 2023 से हम सब परीक्षा बहिष्कार करेगें। 20 फरवरी से बैक पेपर की भी परीक्षायें प्रारम्भ हो रही हैं। इसलिए परीक्षा बहिष्कार की अप्रिय स्थिति में बड़ी संख्या में छात्र–छात्रायें प्रभावित होगें। यह भी ध्यातव्य है कि 117 शिक्षकों एवं 87 नाम कर्मचारियों का वेतन मात्र एक शिक्षक को एच0आर0ए0 न देने के सम्बन्ध में क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी के स्पष्ट निर्देशों की अवहेलना के कारण रूक गया है। सूत्रों के अनुसार शासनादेश के अनुसार पति–पत्नी दोनों के एक ही नगर व आवास में निवास करने पर भी दोनों को उनकी देयता के अनुसार एच०आर०ए० देय है। प्रबन्ध समिति ने शासनादेश की मंशा के विपरीत प्रस्ताव पारित कर रखा है जो सम्बन्धित शिक्षक के एच०आर०ए० लगाने में बाधा है। यदि रविवार की बैठक में प्रबन्ध समिति का पूर्व में पारित प्रस्ताव निरस्त कर शिक्षक का एच०आर०ए० लगाकर वेतन बिल क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, लखनऊ को नहीं भेजा जाता है तो आन्दोलित शिक्षकों के परीक्षा बहिष्कार से भयावह स्थिति उत्पन्न हो जायेगी।

# बेसिक विद्यालय के सभी बच्चो के लिए होगा स्काउट प्रशिक्षण

## कम्पोजिट विद्यालय अंगूरीबाग में ब्लॉक स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन कार्यशाला

अयोध्या। बेसिक शिक्षा के सभी विद्यालयों में अब स्काउटिंग का प्रशिक्षण न्याय पंचायत स्तर पर कराया जाएगा। जिससे सभी बच्चों में देश प्रेम और अनुशासन की भावना का विकास हो सके । उक्त विचार कम्पोजिट विद्यालय अंगूरी बाग में ब्लॉक स्काउट मास्टर गाइड कैप्टन कार्यशाला में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने व्यक्त किए। कार्यशाला में 12 विकास खंडों से आए हुए ब्लॉक स्काउट मास्टर ब्लॉक गाइड कैप्टन को स्काउटिंग की बारीकियों एवं विभागीय निर्देशों हेतु प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर बीएससी ज्ञान प्रतियोगिता में बेसिक शिक्षा विभाग के 170 प्रतिभागी बच्चों के लिए मॉडल पेपर पुस्तिका के रूप में विभाग द्वारा जारी की जाएगी। कार्यशाला में बीएसए श्री राय का स्वागत जिला स्काउट मास्टर अनूप मलहोत्रा, गाइड कैप्टन निधि महेंद्रा ने बुके प्रदान कर किया। इस अवसर पर नगर स्काउट मास्टर दीप सहाय ने स्कार्फ और वागल पहना कर स्काउट बिरादरी में उन्हें शामिल किया। श्री राय ने नगर गाइड कैप्टन शिप्रा श्रीवास्तव एवं ब्लॉक गाइड कैप्टन तारुन सौम्या गुप्ता को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यशाला में गीता गुप्ता ,दुर्गेश कुमार ,डिंपल साहू ,ललित कुमार, पुनीता, रेनू सिंह, महमूद अहमद, भावना गुप्ता, बरसाती राही ,वंदना यादव,अर्चना, रवि कुमार कनौजिय, गीता राना, प्रवेश कुमार आदि मौजूद रहे। प्रधानाध्यापक तहसीन बानो ने सभी के प्रति धन्यवाद व्यक्त किया।

# चिकित्सकों ने स्कूली बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

अयोध्या।शिक्षा क्षेत्र मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत मेहदौना स्थिति प्राथमिक विद्यालय पूरे पठानिया द्वितीय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण चिकित्सकों की टीम के द्वारा किया गया।राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर के चिकित्सकों की टीम ने विद्यालय पहुंचकर अध्ययनरत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान बच्चों की आंख,नाक, कान समेत अन्य शारीरिक बीमारियों,लंबाई,वजन एवं बीएमआई का परीक्षण किया गया तथा डॉक्टरों ने बच्चों को स्वच्छता, पोषण एवं हाइजीन के बारे में विस्तार से बताया गया।डॉक्टरों ने सुमन के विधि के द्वारा हैंड वॉश करने की का तरकीब बच्चों को बताई। बृहस्पतिवार को विद्यालय में आए 33 छात्र–छात्राओं का परीक्षण किया गया जिसमें 19 छात्र व 14 छात्राएं शामिल रहीं।स्वास्थ्य परीक्षण कैंप में डॉ एपी सिंह,डॉ दिनेश कुमार,डॉ डीके यादव,नेत्र सहायक नमित गौतम एवं फिजियोथेरेपिस्ट विपुल शर्मा शामिल रहे।परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने स्केबीज बीमारी से ग्रसित दो छात्रों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर में इलाज के लिए संदर्भित किया। स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ साथ विद्यालय की शिक्षिकाएं भी मौजूद रही।

# जनपद को टेक होम राशन सेंटर के लिए मिले चार करोड़

अयोध्या।जनपद में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पोषाहार उत्पादन के लिए टेक होम राशन सेंटर खोलवाकर रोजगार उपलब्ध कराने में आड़े आ रही धन की कमी को शासन ने दूर कर दिया है। विशेष सचिव ने जिले को करीब चार करोड़ रुपये का बजट जारी किया है। इससे जिले में बन रहे टीएचआर सेंटरों पर सामग्री की खरीद कर उत्पादन शुरू होगा। आंगनबाड़ी केंद्रों पर आपूर्ति कर महिलाएं रोजगार से जुडेंगी। जिले के आठ ब्लॉकों में टेक होम राशन उत्पादन के सेंटर खोलने की कवायद शुरू की गई थी। इसमें से सिर्फ दो सेंटर बीकापुर व सोहावल ब्लॉक का कार्य पूरा हो चुका था। भवन किराए पर लेकर मशीनों की खरीद हो चुकी है। अन्य छह सेंटरों में पूराबाजार , मिल्कीपुर, रुदौली, मवई, मया बाजार व अमानीगंज में कार्य अधूरा था।बजट न होने के कारण मशीनों की खरीद व अन्य कार्य अधूरे पड़े थे। सीडीओ द्वारा शासन को पत्र लिखकर बजट मांगा था। जिसके क्रम में विशेष सचिव संदीप कौर ने चार करोड़ रुपये का बजट जारी किया है। मुख्य विकास अधिकारी अनीता यादव ने बताया कि अब कार्य में गति आयेगी। टीएचआर प्लांट में लाभार्थियों के हिसाब से अलग अलग टेक होम राशन तैयार होगा। गाइडलाइंस के अनुसार रेसिपी बेस्ड अनुपूरक पुष्टाहार तैयार होगा। इसमें छह माह से तीन साल के बच्चों के लिए आटा बेसन हलवा, तीन से छह वर्ष तक के बच्चों के लिए आटा, बेसन, बर्फी प्रीमिक्स, दलिया, मूंगदाल, खिचड़ी। गर्भवती व धात्री महिलाओं के लिए भी यही तैयार होगा। अति कुपोषित बच्चों के लिए हलवा बनेगा।

## एसएसपी ने शूटिंग खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर किया सम्मानित

अयोध्या। भवदीय शूटिंग रेंज के 13 खिलाड़ी बनारस बीएचयू 5जी नेशनल मास्टर गेम में शूटिंग रेंज के अध्यक्ष एवं मंडल कोच शनि वर्मा के नेतृत्व में खेलने गए थे जिसमें अयोध्या के विशिष्ट चिकित्सक डीआर भुवन को एक सिल्वर एक ब्रांच मेडल मिला वही सीओ सदर डॉ राजेश तिवारी को सिल्वर मेडल ,आशुतोष मिश्रा सी ओ मिल्कीपुर को सिल्वर मेडल प्राप्त हुए हैं ,डॉक्टर डीआर भुवन को अब तक 25 मॉडल मिल चुके हैं, वही डॉ अवधेश वर्मा प्रबंधक भवदीय ग्रुप को सिल्वर मेडल, एसआई अजीत पासवान को ब्राउज मेडल, डॉ महेंद्र सिंह विष्णु को सिल्वर और ब्राउज मेडल, विजय राय गवर्नमेंट कांट्रेक्टर को सिल्वर मेडल, शालिनी राय को सिल्वर मेडल, जैनुल खान को ब्राउज मेडल प्राप्त हुए है, खिलाड़ियों के अयोध्या पहुंचने पर एसएसपीध् डीआईजी मुनिराज जी ने सभी खिलाड़ियों को अपने कार्यालय में बुलाकर अपने हाथों से मेडल पहनाकर सम्मानित किया, वही मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंची डिप्टी रजिस्टर बंदना सिंह का सीओ सदर डॉ राजेश तिवारी एवम शनि कुमार वर्मा ने बुके देकर उनका स्वागत किया।

## गूगल टेक्नोलॉजी व टेक्निकल स्किल से प्रशिक्षित हुए छात्र–छात्राएं

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबन्ध एवं उद्यमिता विभाग में गूगल डेवलपर स्टूडेन्ट क्लब द्वारा एक टेक्निकल टॉक का आयोजन किया गया। इसमें कम्प्यूटर विषय के छात्र–छात्राओं को गूगल टेक्नोलॉजी व टेक्निकल स्किल से प्रशिक्षित किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के कुल 130 से अधिक छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बतौर वक्ता बीसीए के डॉ0 हर्षवर्धन ने बताया कि गूगल डेवलपर स्टूडेन्ट क्लब विभाग में संचालित प्रोग्राम का हिस्सा है। इसके माध्यम से छात्रों को गूगल टेक्नोलॉजी, टेक्निकल स्किल एवं उद्यमियों से रूबरू कराना है। जिससे छात्रों को अच्छे पैकेज पर रोजगार प्राप्त हो सके। उन्होंने सेल्स–मार्केटिंग, लाजिस्टिक, डोमेन के क्षेत्र में कंम्प्यूटर एप्लीकेशन के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने पाइथन प्रोग्रामिंग, बेब डेवलपमेंट, एड्रॉयड डेवलपमेंट, माइक्रोसाफ्ट अज्यूरे टेक्नोलॉजी से प्रशिक्षित किया। इस कार्यक्रम में आई0टी0 इन्ड्रस्ट्री से देवब्रत कोठारी बाइजूस से वार्तिका शुक्ला लाजिस्टिक एप्लिकेशन डेवलपर और आकाश त्रिपाठी माइक्रोसाफ्ट अज्यूरे डेवलपर ने आनलाइन प्रतिभाग किया।

# एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र में हुआ लैंप लाइटिंग व शपथ ग्रहण समारोह

अयोध्या। एएनएम प्रशिक्षण केन्द्र दर्शन नगर में एएनएम का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं प्रथम बैच की छात्राओं ने आज प्रशिक्षण केंद्र अयोजित लैंप लाइटिंग और शपथ ग्रहण समारोह में छात्राओं ने कैंडल जलाकर मानव सेवा, दृढ़ता,कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण की भावना रखने की शपथ ली। समारोह का शुभारंभ अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण अयोध्या मण्डल डा अशोक कुमार श्रीवास्तव और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अजय राजा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती को नमन करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कर किया। लैंप लाइटिंग और शपथ ग्रहण समारोह फ्लोरेंस नाइटेंगल, दी लेडी विद लैंप को श्रद्धांजलि है।

यह समारोह छात्रों को नर्सिंग के महान पेशे में आरंभध्शुरुआत करता है। लैंप लाइटिंग इन युवा छात्रों के बीमार और घायलों की देखभाल के लिए प्रशिक्षित किए जाने के दृढ़ निर्णय को दर्शाता है। समारोह के अवसर पर अपर निदेशक ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण उपरान्त आप सभी निःस्वार्थ भाव से मानव सेवा करेंगे और बिना किसी भेदभाव के सभी लोगों को सेवा देंगे। हम सभी मरीजों को दवा के साथ साथ अपने व्यवहार से भी ठीक करने का प्रयास करेंगे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि नर्सेज स्वास्थ्य के क्षेत्र में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।अस्पतालों में मरीज सबसे ज्यादा विश्वास भी उन्ही पर करते हैं। अपने व्यवहार तथा अपने दायित्व को समझना सबसे अधिक आवश्यक है और साथ ही बदलते दौर में खुद को हर वक्त अद्यतन किए जाने की भी जरुरत है। संयुक्त निदेशक डा रमेश कुमार ने कहा कि नर्सिंग ऐसा क्षेत्र है जो सीधे इंसानियत की सेवा से जुडा है और पीड़ित मानवता की सेवा ईश्वर की सेवा है। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा राकेश कुमार सक्सेना ने कहा कि यह समारोह उस रोशनी का प्रतीक है जो एक नर्स या एएनएम अपने रोगियों के लिए बन जाती है और पीड़ित लोगों के लिए आशा और उम्मीद की प्रतीक है। इस समारोह का सफल संयोजन और आयोजन नोडल अधिकारी प्रशिक्षण डा वेद प्रकाश त्रिपाठी,श्रीमती रीतू सिंह पीएचएन ट्यूटर ने किया और साथ में आयोजन को सफल बनाने में अन्य पीएचएन ट्यूटर और छात्राओं ने किया।

## महिलाओं की भागीदारी से समाज का विकास संभव : डा. गंगवार

मिल्कीपुर–अयोध्या। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय द्वारा संचालित मत्सियकी महाविद्यालय की ओर से ग्राम सिधौना में महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के दिशा निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मत्सियकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा.ए.के. गंगवार ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से आगे हैं। महिलाओं को अपने अधिकारों की रक्षा स्वयं करनी होगी। डा. गंगवार ने कहा कि महिलाओं व परूषों में जबतक समानता नहीं आएगी तब तक समाज का विकास संभव नहीं है। महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहीं हैं। विभाग के प्राध्यापक डा. सी.पी सिंह ने कहा कि समाज को आगे बढ़ाने में महिलाओं की भूमिका अहम है। हर क्षेत्र में नारियों का सम्मान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जहां नारियों का सम्मान होता है वहीं देवता निवास करते हैं। डा. एस.के वर्मा ने भी महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया साथ ही बताया कि महिलाएं किस प्रकार से समाज में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि महिलाओं हर क्षेत्र में बढ़–चढ़कर भागीदारी निभानी होगी। कार्यक्रम का संचालन डा. सीपी सिंह व धन्यवाद ज्ञापन डा. लक्ष्मी प्रसाद ने किया। इस मौके पर डा. रूमा देवी, डा. मुनीश कुमार, डा. संगीता देवी, डा. ज्योति सरोज सहित गांव की सैकड़ों महिलाएं इस मौके पर मौजूद रहीं।

# संरक्षित विधि से सब्जियों की खेती पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न





दैनिक बुद्ध का संदेश

भनवापुर,सिद्धार्थनगर। कृषि विज्ञान केंद्र सोहना सिद्धार्थनगर पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉक्टर ओम प्रकाश ने किसानों को संरक्षित विधि से सब्जियों की खेती करने के बारे में बताया जानकर दी। वैज्ञानिक डॉ प्रदीप कुमार ने फसलों को रोग एवं कीटों से बचाने के लिए पहले नीमास्त्र, दशपर्णी अर्क तथा ब्रह्मास्त्र आदि को तैयार करके फसल पर छिड़काव करें यदि नियंत्रण न हो तो रासायनिक कीटनाशियों का प्रयोग करें। वैज्ञानिक डॉक्टर एस एन सिंह ने बताया संरक्षित विधि से ऑफ सीजन में सब्जियों की खेती करके अधिक लाभ प्राप्त करें। वैज्ञानिक डॉक्टर सर्वजीत ने बताया संरक्षित विधि से खेती करने में उत्पादन में वृद्धि होती हैं और फसल पर रोग एवं बीमारिओं का प्रकोप कम होता है। मृदा विशेषज्ञ प्रवेश कुमार ने संतुलित उर्वरकों का प्रयोग कर सब्जी का उत्पादन करने और सब्जी की खेती में साड़ी गोबर की खाद का प्रयोग खेत की अंतिम जुताई के समय अवश्य करें। डॉ एस के मिश्रा ने बताया सब्जियों की बुवाई मेड़ पर करें और नाली के माध्यम से हल्की सिचाई करें। डॉ मार्कंडेय सिंह नें बताया सब्जियों में रासायनिक उर्वरकों का कम से कम प्रयोग करें के बारे में बताया। कार्यक्रम में रामसूरत, संतोष कुमार, राम उजागीर, कविता, शवीना, राजेश, राम प्रसाद, रामबली, उजागीर, संतोष, राम मूर्त, रजनीश, मीना देवी, कविता आदि किसान उपस्थित रहे।

# भारत में पैदा हुआ हर सनातनी हिन्दू: राघवेंद्र सिंह

## सपा सांसद शफीकुर्रह्मान बर्क के विवादित बयान पर पूर्व विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह का पलटवार

दैनिक बुद्ध का संदेश

डुमरियागंज,सिद्धार्थनगर। सपा सांसद शफीकुर्रहमान बर्क ने जब से हिन्दू राष्ट्र पर बयान दिया है तबसे उनके इस बयान की चौतरफा आलोचना हो रही है। पिछले कुछ दिनों से कभी रामायण तो कभी हिन्दू राष्ट्र को लेकर सपा के पदाधिकारी और सांसद लगातार बयानबाजी करते नजर आ रहे हैं, इसी कड़ी में अब सपा सांसद शफीकुर्रहमान बर्क ने भी भारत के हिन्दू राष्ट्र के मुद्दे पर बयान देते हुए कहा कि भारत ना हिन्दू राष्ट्र था, ना है और ना ही होगा। अब उनके इस बयान पर डुमरियागंज के पूर्व भाजपा विधायक और हिन्दू वादी नेता राघवेंद्र सिंह ने तगड़ा पलटवार करते हुए कहा है कि सपा सांसद में ज्ञान की कमी है और उनको ज्ञान प्राप्त करने के लिए संस्कृत विद्या पीठ बनारस या गोरखनाथ मंदिर में फिर से प्रवेश लेने की जरूरत है। यह सनातन की धरती है और इस धरती पर पैदा होने वाला हर सनातनी हिन्दू ही पैदा हुआ है। हिन्दू कोई जाति धर्म नहीं है हिन्दू एक संस्कृति है, एक पद्धति है और जैसा कि मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ ने कहा कि इस देश में पैदा हुआ हर व्यक्ति सनातनी है, हिन्दू है, ऐसे में स्वाभाविक रूप से भारत एक हिन्दू राष्ट्र था, है और रहेगा बर्क जैसों के बयान से कोई फर्क नही पड़ने वाला। शफीकुर्रहमान बर्क जैसे धर्म और मजहब के नाम पर लड़ाने वाली बाते बोलने वालों को पाकिस्तान के नागरिकों से सिख लेनी चाहिए आज पाकिस्तान में लोग त्राहिमाम–त्राहिमाम कर रहे और वहां के नागरिक मीडिया में आकर भारत में विलय की बात करते दिख रहे हैं।

# ग्राम पंचायत कुशभौना में हुआ चौपाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोहास बाजार,सिद्धार्थनगर। सदर विकास खण्ड अंर्तगत ग्राम पंचायत कुशभौना में ग्राम चौपाल एवं सोशल ऑडिट का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम वासियों की समस्याएं सुनी गई, एवं उसका निदान भी बताया गया। चौपाल के माध्यम से जॉब कार्ड, किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, विधवा, वृद्धा पेंशन के अलावा तमाम जनकल्याण कारी योजनाओं पर चर्चा किया गया। इस अवसर पर तमाम लोग उपस्थित रहे। ग्राम चौपाल एवं सोशल आडिड में मुख्यातिथि खण्ड विकास अधिकारीअरुण कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों को जॉबकार्ड, प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि, राशन वितरण, आयुष्मान कार्ड, हैंड पंप, वृद्धा, विधवा व विकलांग पेंशन के सम्बंध में जानकारी दिया गया। इसके अलावा गांव की समस्या गांव में समाधान किया जाय तो ज्यादा बेहतर होगा। इस दौरान ग्राम प्रधान चन्द्रमणि यादव ने खण्ड विकास अधिकारी से अवगत कराया कि ग्राम पंचायत में 431 जॉब कार्ड धारक हैं लेकिन किसी का कार्ड नहीं मिला है। मजदूर जब काम करते हैं तब उनका नम्बर दर्ज करने में दिक्कत होती है। यह सुनकर खण्ड विकास अधिकारी ने तुरंत रोजगार सेवक को आदेश दिया कि कार्यालय पर जाकर कार्ड लेकर कार्डधारकों को वितरित किया जाय। यह कार्य तुरंत हुआ। चौपाल में सहायक विकास अधिकारी आशुतोष मिश्र, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी वसीकुर्रहमान, रोजगार सेवक बगेदन यादव, पंचायत सहायक राजकुमार यादव, ग्राम प्रधान गनेरा के चंद्रजीत जायसवाल, प्रधानाध्यापक वीरेंद्र कुमार गुप्त, नन्दराम यादव, ज्ञानमती, आगनबाडी मीना देवी, सहायिका लक्ष्मी देवी, मिनी आंगनबाड़ी निर्मला देवी, सफाई कर्मी चंद्रशेखर जायसवाल के अलावा राम हित यादव, स्वामीनाथ यादव, महेश, रस्म उजागिर यादव, रामरूप यादव, मोती यादव, जुग्गुन, अनिरुद्ध यादव, महादेव सहित तमाम विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।




# महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में गूँजेगा हरहर महादेव

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। महाशिवरात्रि त्योहार महादेव की उपासना और साधना का महापर्व है। हिंदू पंचांग के अनुसार



फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर महाशिवरात्रि मनाई जाती है। क्षेत्र के विद्वान पं रवि प्रकाश पाण्डेय ने बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार महाशिवरात्रि पर शिवलिंग की उत्पत्ति हुई थी और इसी दिन सबसे पहले भगवान विष्णु और ब्रह्माजी ने शिवलिंग की पूजा की थी। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की विवाह हुआ था। महाशिवरात्रि पर्व पर शनिवार को क्षेत्र के शिव मंदिर झारखंडी महादेव, शिव मंदिर रेहरा बाजार, मोगलहा, सोहास, मंझरिया आदि स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक किया जाएगा।

# महाशिवरात्रि आज 30 साल बाद विशेष संयोग

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज। आर्यावर्त अंक ज्योतिष विज्ञान के संस्थापक आचार्य लोकनाथ तिवारी ने बताया कि 30 साल बाद शनि देव कुंभ राशि में संचरण कर चुके हैं। वहीं 13 फरवरी 2023 को सूर्य भी कुंभ राशि में प्रवेश कर ,चुके है जिससे शनि–सूर्य महाशिवरात्रि पर कुंभ राशि में ही रहेंगे। साथ ही शुक्र ग्रह अपनी उच्च राशि मीन में विराजमान रहेंगे। वहीं इस दिन प्रदोष व्रत का संयोग भी बन रहा है। श्री नारद संहिता में कहा गया है की जिस तिथि में आधी रात सहित फाल्गुन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी हो उसमें शिवरात्रि व्रत करने से और शिव मा पार्वती जी का पूजन करने से अश्वमेघ यज्ञ का फल मिलता है शिवरात्रि व्रत का महत्व भगवान शिव और देवी मां पार्वती का बिबाह सम्पन्न हुआ था। फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी तिथि पर भगवान शिव ने वैराग्य छोड़कर देवी पार्वती संग विवाह करके गृहस्थ जीवन में प्रवेश किय थे इसी वजह से हर वर्ष फाल्गुन चतुर्दशी तिथि को भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की खुशी में महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है। शिवरात्रि से बड़ा कोई परम तत्व नहीं है अतः इस दिन जो मनुष्य शिवपूजन नहीं करता उसका दुर्भाग्य है शिवरात्रि व्रत एवं शिवपूजन के प्रभाव से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं तथा मनुष्य पृथ्वी के समस्त सुखों को प्राप्त करता हुआ अंत में मोक्ष की प्राप्ति कर लेता है।



# पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री डॉ० सतीश द्विवेदी के जन्मदिन पर मरीजों में फल वितरण एवं सुंदरकांड पाठ का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा मे पूर्व बेसिक शिक्षा मंत्री इटवा से पूर्व विधायक डॉ. सतीश द्विवेदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य मे मरीजों को फल वितरण किया गया। तत्पश्चात इटवा स्थित जनसंपर्क कार्यालय पर सुन्दरकाण्ड पाठ का आयोजन कर उनके दीर्घायु जीवन एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री कृष्ण मिश्रा ने कहा कि, "सतीश द्विवेदी जनसेवा के एक अतुलनीय प्रतीक के रूप में सदैव समाज के बीच संघर्षरत रहते हैं। उनका राजनैतिक और सामाजिक जीवन जनसामान्य सहित पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी है। इस अवसर पर जिला मंत्री कृष्णा मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य प्रदीप कसौधन, रामकृपाल चौधरी, मार्कण्डेय पाण्डेय, विकास जायसवाल, आशीष त्रिपाठी, गुड्डू यादव, अशीष श्रीवास्तव, स्वामीनाथ मौर्या, राकेश, राहुल चौरसिया,राहुल चौहान, माया मिश्रा, सन्तोष भट्ट, हरिराम यादव, मस्तराम यादव, देवेंद्र प्रताप सिंह अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।






# राजू सिंह को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। राजू सिंह बने देवेंद्र प्रताप सिंह के जिला प्रतिनिधि सिद्धार्थनगर भाजपा के विधान परिषद सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह ने जहां धमाकेदार जीत दर्ज की है वही जनपद सिद्धार्थनगर में कृष्ण प्रताप उर्फ राजेश सिंह को अपना जिला प्रतिनिधि नामित किया है शुक्रवार को देवेंद्र प्रताप सिंह ने लेटर लिखकर राजू सिंह को अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया साथ ही जनपद में होने वाले सभी बैठकों में इन्हें शामिल करने और सभी सूचनाएं देने के लिए सभी निर्देश जिला प्रशासन को दिया है जिला प्रतिनिधि नियुक्त होने पर लोगों में बधाइयों का तांता लगा हुआ है हर कोई राजस्व को बधाई देता नजर आ रहा है आपको बता दें कि राजू सिंह नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के भाजपा से भावी अध्यक्ष पद के प्रत्याशी भी हैं।



# गणित में फार्मूला रखें तैयार,हर स्टेप पर मिलते हैं नंबर:सुशील शुक्ल

## सारणिक,आव्यूह,त्रिकोणमितीय फलन,अवकलन समाकलन दिलाएंगे अच्छे अंक

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज। यूपी बोर्ड कक्षा 12वीं की गणित विषय की परीक्षा 27 फरवरी सोमवार को दूसरी शिफ्ट में होगी। हर विषय की तरह गणित विषय की परीक्षा भी 100 अंकों की होगी।. अगर आप इस साल 12वीं मैथ एग्जाम देने वाले हैं तो जानिए इसकी मार्किंग स्कीम और परीक्षा की तैयारी करने के कुछ खास टिप्स जानिए पंडित काशी प्रसाद दीक्षित महाविद्यालय के गणित प्रवक्ता सुशील शुक्ल से–''किस टापिक पर कितने अंक' सम्बंध तथा फलन व त्रिकोणमितीय फलन से 10अंक, आव्यूह व सारणिक से 13अंक, कैलकुलस से 44अंक, सदिश व त्रिविमीय ज्यामिति से 17अंक, रैखिक प्रोग्रामन से 6अंक, प्रायिकता 10अंक 'यूपी बोर्ड 12वीं गणित परीक्षा की तैयारी ऐसे करें' 1– यूपी बोर्ड 12वीं गणित विषय के सिलेबस को अच्छी तरह से समझें।पूरे सिलेबस को कुछ भागों में बांट लें।इससे उसे रिवाइज करना आसान रहता है.2– सभी जरूरी फॉर्मूले की लिस्ट याद कर लें।उन्हें रटने की गलती न करें.3– एनसीईआरटी बुक्स में दिए गए उदाहरणों की प्रैक्टिस जरूर करें.4– यूपी बोर्ड 12वीं मैथ एग्जाम पैटर्न को समझने के लिए पिछले सालों के पेपर और इस साल के मॉडल पेपर को सॉल्व करते रहें। इससे मार्किंग स्कीम व परीक्षा में पूछे जाने वाले सवालों का फॉर्मेट समझ में आ जाता है.5– जिन विषयों में आपकी पकड़ कमजोर है, उनकी प्रैक्टिस अच्छी तरह से करें। उन्हें कई बार सॉल्व करें. 6– आखिरी समय में हर फॉर्मूले का रिवीजन जरूर करें। 7–उत्तर पुस्तिका में सभी प्रश्नों के जबाव अवश्य दें। 8–गणित विषय में स्टेप बाई स्टेप नंबर मिलते हैं।यदि किसी प्रश्न को हल करते समय चार स्टेप में दो स्टेप सही है तो दो स्टेप पर नंबर मिलेंगे 9–सारणिक, आव्यूह, त्रिकोणमिततीय फलन, अवकलन, समाकलन, अवकल समीकरण की तैयारी दिलाएगा अच्छा अंक।



# सिसवा मुंशी में डायमंड फोटो स्टूडियो मिकि्ंसग लैब का हुआ उद्घाटन

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज। सिसवा मुंशी में डायमंड फोटो स्टूडियो मिकि्ंसग लैब का हुआ उद्घाटन चौकी प्रभारी सिसवा मुंशी मदन मोहन मिश्र, प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष एजाज खान व जर्नलिस्ट प्रेस क्लब के जिला मंत्री सुशील शुक्ल ने फीता काटकर किया। डायरेक्टर अफजल खां ने कहा कि इस फोटो स्टूडियो में जनता की सहूलियत के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध है सभी प्रकार की फोटोग्राफी होती हैं। इस दौरान डायरेक्टर अफजल खां,एम एल सी प्रतिनिधि आशीष गौतम, सुरेंद्र प्रजापति, कृष्ण मोहन जायसवाल, इकबाल पंकज रौनियार, प्रधान अफसर खां,वशीम खां आदि लोग मौजूद रहे।



# बंदर की निकली शव यात्रा

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार,सिद्धार्थनगर। कस्बा के लोहिया नगर वार्ड में गुरुवार की देर शाम एक बंदर को कुत्तों ने काटकर लुलुहान कर दिया जिससे बंदर गम्भीर रूप से घायल हो गया। शुक्रवार की सुबह घायल बंदर की मौत हो गयी। इसकी जानकारी आसपास के लोगो को हुई तो फूल माला से सजाकर मृत बंदर की शव यात्रा निकाली। शव यात्रा समाप्ति पर बंदर की लोगों ने मिट्टी में दफना दिया। शव यात्रा में रामनयन उर्फ बिगाड़ू, अशोक कुमार, काजू राम दयाल सरबजीत, रामजीत, शैलेन्द्र, दयाराम सोखा , रोहित, दीपू आदि रहे।



## सम्पादकीय

**इन जलजलों ने तुर्किए, सीरिया को ही तबाह नहीं किया, बल्कि लेबनान, साइप्रस, इराक, यूनान, डेनमार्क, इजरायल और फलस्तीन आदि देशों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। वहां के जान–माल के नुकसान के ब्योरे प्रतीक्षित हैं। तुर्किए में आपातकाल और राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है।. स्कूल–कॉलेज ...**

# तुर्की में भीषण तबाही



तुर्की और सीरिया में ऐसा जलजला आया कि अल सुबह की घड़ी में जो नींद में डूबे थे, वे हमेशा के लिए ही सो गए। धरती कांपी और कांपती रही। खौफ और मौत की दहशत के वे लम्हे कैसे रहे होंगे? भोर में 4.17 बजे भूकंप की तीव्रता 7.8 थी, जो सब कुछ लील गई। घर, मकान, भवन, स्मारक, अट्टालिकाएं, पेड़, बिजली के खंभे, गैस पाइपलाइन और हवाई अड्डे का रन–वे आदि, देखते ही देखते, जमींदोज हो गए। तुर्किए के 10 बड़े शहर श्मलबाश हो गए। जो बसेरे थे, वे खंडहर हो गए। मंगलवार सुबह तक जलजले ने 4365 जिंदगियां छीन ली थीं और 15,000 से ज्यादा घायल बताए गए थे। तुर्किए की 3470 से ज्यादा इमारतें जमींदोज हो चुकी हैं। जो जिंदा बचे हैं, उनके लिए बरबस ही श्भगवानश याद आते हैं–श्जिसको राखे साइयां, मार सके ना कोय ।श जलजला एकबारगी नहीं था। तीन बार धरती भयावह रूप से कांपी। अलबत्ता सोमवार की शाम तक तुर्किए और सीरिया के लोग 78 झटके महसूस कर चुके थे। तबाही और बर्बादी के बाद भी मंगलवार को भूकंप का कंपन महसूस किया गया। इन जलजलों ने तुर्किए को एक देश के तौर पर बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, क्योंकि तुर्किए गंभीर आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। वहां की मुद्रा का बेहद अवमूल्यन हो चुका है। देश पर भारी कजर्ई है। आम चुनाव 14 मई को होने थे, लेकिन विनाश के ऐसे दौर में उन्हें स्थगित किया जा सकता है। इस समय तुर्किए में बर्फीली और कंपा देने वाली सर्दी पड़ रही है। तापमान शून्य से भी नीचे है। ऐसे दौर में लोग बेघर और बर्बाद हुए हैं। उनकी जिंदगी कैसे चलेगी? बीते 3 सालों के दौरान यह तीसरा बड़ा भूकंप है और 24 सालों के दौरान वहां हजारों नागरिक मारे जा चुके हैं। विशेषज्ञ 100 सालों के दौरान इसे सबसे भयानक और तीव्र भूकंप मान रहे हैं। इसे 1939 के जलजले की पुनरावृत्ति भी माना जा रहा है, क्योंकि तब भी रिक्टर स्केल पर तीव्रता 7.8 मापी गई थी। उसमें 30,000 से ज्यादा दुर्भाग्यपूर्ण मौतें हुई थीं। वर्ष 1999 वाले भूकंप में भी करीब 18,000 लोग मारे गए थे, लिहाजा आशंका है कि मौत का आंकड़ा श्अकल्पनीयश स्तर तक बढ़ सकता है। बेशक तुर्किए सबसे खतरनाक भूकंप संवेदी देशों में गिना जाता है। वहां ऐसे जलजलों का इतिहास रहा है, लेकिन वह दुनिया के खूबसूरत देशों में भी शामिल है। यह अजीब विरोधाभास है। कुदरत ने एक ही झटके में तुर्किए को ध्वस्त कर बदरूप बना दिया। श्मलवे का ढेरश बना दिया। कितना बौना और असहाय है मनुष्य! वह चांद, मंगल ग्रह तक पहुंच सकता है, लेकिन जमीन के भीतर की करवटों और टकराहटों से नहीं जीत.. पाया है। इन जलजलों ने तुर्किए, सीरिया को ही तबाह नहीं किया, बल्कि लेबनान, साइप्रस, इराक, यूनान, डेनमार्क, इजरायल और फलस्तीन आदि देशों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। वहां के जान–माल के नुकसान के ब्योरे प्रतीक्षित हैं। तुर्किए में आपातकाल और राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है।. स्कूल–कॉलेज बंद रहेंगे। बहरहाल ये तो सरकारी औपचारिकताएं हैं, लेकिन गंभीर चुनौती यह है कि अब जिंदगियां बचाने की जंग कैसे लड़ी जाएगी। सकारात्मक है कि अमरीका, यूरोपीय देशों से लेकर भारत तक ने सहयोग और मदद के हाथ बढ़ाए हैं। भारत ने एनडीआरएफ की 100 सदस्यीय टीमों के साथ डॉग दस्ता, मेडिकल टीम और जरूरी दवाएं भेजी हैं ।

# ब्रह्मा जी की निर्मित है भवसागर गोस्वामी तुलसीदास



आप सोच में डूबे होंगे कि इस दुनिया को किसने बनाया। दुनिया को कौन चला रहा है। कौन पालन पोषण करता है और कौन संहारक है। बिना किसी संशय के इस सृष्टि के रचयि जीता भगवान ब्रह्मा जी हैं। पालने वाले विष्णु जी हैं जोकि भगवान श्रीराम के रूप में पृथ्वी पर अवतरित होते हैं। भगवान शिव नटराज हैं। दरअसल गोस्वामी तुलसीदास की भक्ति मूलक कविताई एक ऐसे संगम का निर्माण करती है जहां भक्ति, श्रद्धा और विश्वास की त्रिवेणी प्रवाहित होती है। तुलसीदास श्रीरामचरित मानस में लिखते हैं कि मैं ब्रह्मा जी के चरण रज की वंदना करता हूं , जिन्होंने भवसागर बनाया है, जहां से एक ओर संत रूपी अमृत, चंद्रमा और कामधेनु निकले और दूसरी ओर दुष्ट मनुष्यरूपी विष और मदिरा उत्पन्न हुए। बंदऊं बिधि पद रेनु भाव सागर जेहिं कीन्ह जहं। संत सुधा ससि धेनु प्रगटे खल बिष बारूनी।। सोरठा संख्या 14 बालकांड,श्रीरामचरित मानस में गोस्वामी तुलसीदास जी संतों को अमृत के समान बतलाते हैं और दुष्ट आदमी को मनुष्यरूपी विष कहकर संबोधित करते हैं। आज भी विष रूपी व्यक्ति समाज में जहर फैलाने का कार्य करते हैं। जबकि संत हृदय नवनीत समाना वाली बात भी गोस्वामी जी कहते हैं। सज्जन आदमी का हृदय नवनीत के समान कोमल होता है। वह जोड़ने का कार्य करता है जबकि दुष्ट आदमी समाज को तोड़ने का कार्य करते हैं।

गोस्वामी तुलसीदास जी को भगवान शिव पर अखंड विश्वास है तभी तो वे लिखते हैं कि भनिति मोरि सिव कृपा बिभातीध ससि समाज मिली मनहुं सुराती। अर्थात मेरी कविता श्री शिव जी की कृपा से ऐसी सुशोभित होगी, जैसी तारागणों के सहित चंद्रमा के साथ रात्रि सुशोभित होती है। मध्यकालीन भक्ति धारा के कवियों में गोस्वामी तुलसीदास जी पूरी तैयारी के साथ कविता रचना प्रक्रिया में सन्नध होते हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी का लक्ष्य अवधी भाषा को कविताई से लैस करना था। वे कांफिडेंस के कवि हैं। जिस तरह का आत्म विश्वास तुलसी के पास है वैसा कबीर के पास नहीं। तुलसी के आत्म विश्वास के निर्माण की प्रक्रिया में उनका ईश्वर के प्रति अगाध समर्पण है जो उनमें रचनात्मक ऊर्जा को संचारित करता है, तब तुलसी अपने युग के महान कवि के रूप में प्रतिष्ठित होते हैं।

**लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश**

# क्या बच्चों को दूध मिलेगा?

**बहरहाल, उत्पादन में कमी के बावजूद बाजार में दूध, उससे बने उत्पादों तथा मिठाइयों में कोई कमी नजर नहीं आती। ऐसे में सवाल उठता है कि बाजार में दूध की बहार कैसे है? कैसे आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध उत्पादक बना हुआ है? क्या इसमें बड़ी भूमिका रासायनिक व मिलावटी दूध की है? वैसे भी जिस पैमाने पर दूध की जांच जिम्मेदार विभाग द्वारा की जानी चाहिए थी, वह नहीं हो रही है ...**

अजय दीक्षित

हाल के दिनों में दूध के दामों में लगातार वृद्धि आम लोगों को परेशानी बढ़ाने वाली है। मूल रूप से शाकाहारी भारतीयों के खाने–पीने में दूध की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। छोटे बच्चे से लेकर वृद्धों तक के लिये दूध अपरिहार्य आहार ही है। स्वस्थ से लेकर बीमार तक, लोगों का जीवन बिना दूध के अधूरा है। ऐसे में दूध की कीमतों में वृद्धि आम लोगों का बजट बिगाड़ देती है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि दूध के कारोबार में बड़ी व सहकारी कंपनियों की खासी दखल रही है। अब इस क्षेत्र की बड़ी कंपनियां कीमतों की नियामक बन गई हैं। ऐसी स्थिति में कई भारतीयों के लिये दूध खरीदना टेढ़ी खीर बनती जा रही है। अधिकांश दिल्ली में दूध की सप्लाई करने वाली मदर डेरी ने गत दिसंबर में दूध के दाम में दो रुपये लीटर की वृद्धि की थी, जिसे बीते साल में दामों में हुई। पांचवीं वृद्धि बताया गया। इसके बाद अब दूसरी बड़ी सहकारी दूध कंपनी अमूल ने तीन रुपये प्रति लीटर दाम बढ़ा दिये हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले गुजरात की इस कंपनी ने नवंबर में भी दूध के दाम बढ़ाए थे। उपभोक्ताओं द्वारा सवाल अमूल की दोहरी कीमत नीति को लेकर भी उठाये जाते रहे हैं कि क्यों गुजरात व शेष देश में कीमतों में अंतर होता है? क्या इसके राजनीतिक निहितार्थ है? किसी उत्पाद की राष्ट्रीय स्वीकार्यता के आलोक



में इसे देखा जाना चाहिए। वैसे तो देश भर में दूध के दामों में वृद्धि के मूल में मांग व आपूर्ति का असंतुलन बताया जाता रहा है। गाय–भैंस के चारे के दामों में वृद्धि ने भी दूध उत्पादकों का मुनाफा कम किया है। जहां महंगाई की मार चारे पर पड़ी है, वहाँ खेती के ट्रेंड में आये बदलाव से अब तक सहज उपलब्ध चारा मुश्किल से मिलता है। पहले जो पराली आदि पालतू जानवरों के लिये सहज उपलब्ध थी, उसे किसान अब खेतों में यूं ही जला देते हैं। वैसे जहां कंपनियां दूध के दामों में वृद्धि के पीछे लागत में वृद्धि बता रही हैं, वहीं मांग व आपूर्ति का असंतुलन भी दाम बढने का बड़ा कारक है। खेती– पशुपालन के प्रति नई पीढ़ी का घटता रुझान और खेती योग्य जमीन के बड़े पैमाने पर व्यावसायिक उद्देश्य, भवन निर्माण व अन्य कार्यों के लिये इस्तेमाल से कृषि भूमि का संकुचन हुआ है। जिसका असर पशुपालन पर भी हुआ है। बताते हैं कि आम भारतीय के खाने पर होने वाले मासिक खर्च का बीस फीसदी दूध व उसके उत्पादों पर होता है। गांवों के मुकाबले शहरों में दूध की उपलब्ध ाता में कमी के चलते यह खर्च बढ़ जाता है। यूं तो पिछले दशक में समाज के हर वर्ग में दूध व उसके उत्पादों का उपयोग बढ़ा है, लेकिन उस अनुपात में आपूर्ति नहीं बढ़ी। पिछले दिनों कई राज्यों में लंपी रोग से लाखों गायों के मरने का भी दूध की आपूर्ति पर बड़ा प्रभाव पड़ा है। वहीं भैंसों में मुंह खुर रोग का असर देखा गया है।

बहरहाल, उत्पादन में कमी के बावजूद बाजार में दूध, उससे बने उत्पादों तथा मिठाइयों में कोई कमी नजर नहीं आती। ऐसे में सवाल उठता है कि बाजार में दूध की बहार कैसे है? कैसे आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा दूध ा उत्पादक बना हुआ है? क्या इसमें बड़ी भूमिका रासायनिक व मिलावटी दूध की है? वैसे भी जिस पैमाने पर दूध की जांच जिम्मेदार विभाग द्वारा की जानी चाहिए थी, वह नहीं हो रही है।

निगरानी करने वाले तंत्र की पांचों उंगलियां घी में –रहती हैं और कृत्रिम दूध आपूर्ति करने वालों की पौ–बारह। वहीं दुग्ध ा उत्पादक लगातार चारे की मुद्रास्फीति की बात कहते रहे हैं। वैसे सरकारों के स्तर पर दूध उत्पादन बढ़ाने और इस दिशा में शोध अनुसंधान को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। ऐसे में सवाल है कि दुनिया में सबसे बड़ी आबादी होने की ओर बढ़ रहे देश के लिये दूध की सामान्य आपूर्ति हो सकेगी? सरकार को यथा शीघ्र ऐसे कदम उठाने होंगे कि दुग्ध ा उत्पादकों को सही कीमत मिल सके और उपभोक्ता को गुणवत्ता का दूध ।

# जी-20 ऊर्जा कार्यसमूह: मुख्य बातें

**कुछ सदस्य देशों ने ऊर्जा सुरक्षा के लक्ष्य को हासिल करने के लिएय बदलाव के दौर में प्राकृतिक गैस की जीवाश्म ईंधन के रूप में पहचान किए जाने की आवश्यकता को रेखांकित किया। समूह ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों को अपनाने के दौर मेंय इथेनॉल, संपीडित बायोगैस, हरित हाइड्रोजन जैसी ईंधन की एक विस्तृत श्रृंखला भविष्य के ईंधन के रूप में बहुत महत्वपूर्ण ...**

अलोक कुमार

बेंगलुरु में ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाने से जुड़ी कार्यसमूह की पहली बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। 18 सदस्य देशों, 9 विशेष आमंत्रित देशों और 15 अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के 110 से अधिक प्रतिनिधियों ने इस पहली बैठक में भाग लिया। अध्यक्ष के रूप में भारत ने ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाने से जुड़ी अपनी उपलब्धियों और भारत सरकार के विभिन्न कार्यक्रमों, जैसे सौभाग्य, उज्ज्वला और उजाला योजनाओं के माध्यम से देशवासियों को स्वच्छ ऊर्जा तक सार्वभौमिक पहुंच प्रदान करने संबंधी अपनी सफलता पर प्रकाश डाला। लाइफ अभियान (पर्यावरण के लिए जीवनशैली) के माध्यम से मांग और जिम्मेदारीपूर्ण खपत को बढ़ावा देने के भारत के आह्वान को सभी भाग लेने वाले देशों का पूर्ण समर्थन मिला। अध्यक्ष के रूप में भारत द्वारा प्रस्तावित छह प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को सदस्य देशों से भी काफी समर्थन मिला, जिनमें शामिल हैं– (1) तकनीकी कमियों को दूर करके ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाना (2) ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाने के लिए कम लागत वाला वित्तपोषण (3) ऊर्जा सुरक्षा और विविध आपूर्ति श्रृंखलाएं (4) ऊर्जा दक्षता, औद्योगिक कम कार्बन के लिए बदलाव और जिम्मेदारीपूर्ण खपत, (5) भविष्य के ईंधनरू हरित हाइड्रोजन और जैव–ईंधन तथा (6) स्वच्छ ऊर्जा तक सार्वभौमिक पहुंच और ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाने से जुड़ा न्यायपूर्ण, किफायती और समावेशी मार्ग।

दक्षता को बढ़ाना और इलेक्ट्रोलाइजर, फ्यूल सेल, कार्बन अवशोषण उपयोग और भंडारण (सीसीयूएस) की लागत को कम करना, बैटरी भंडारण के लिए उन्नत रसायन सेल और छोटे मॉड्यूलेटर परमाणु रिएक्ट आदि की भी अंतरराष्ट्रीय सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों के रूप में पहचान की गयी। वैश्विक स्तर पर ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाने से जुड़े ऊर्जा सुरक्षा के महत्व पर विचार–विमर्श हुआ। यह स्वीकार किया गया कि ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाने के क्रम में प्रत्येक देश का अपने यहां उपलब्ध ऊर्जा के स्त्रोतों पर आधारित ऊर्जा के क्षेत्र में बदलाव को अपनाने का अपना एक मार्ग होगा। भविष्य में नेट–जीरो के लक्ष्य को हासिल करने के लिए, 2021 के 29 प्रतिशत की तुलना में 2050 में दुनिया की 90 प्रतिशत बिजली नवीकरणीय स्रोतों से आनी चाहिए। वैश्विक सौर और पवन क्षमताओं को गुणात्मक रूप से बढ़ाने की आवश्यकता है। अनुमान है कि 2020 और 2050 के बीच केवल सौर क्षमता ही 17 गुनी बढ़ेगी। 2050 तक, विश्व स्तर पर बिजली क्षेत्र में वार्षिक बैटरी उपयोग को 300जीडब्ल्यू से अधिक बढना होगा, यानी, 2021 में बैटरी आवश्यकता से 51 गुना अधिक। इसी तरह, हरित हाइड्रोजन के लिए भी गुणात्मक वृद्धि का अनुमान लगाया गया है, जहां 2030 तक इलेक्ट्रोलाइजर क्षमता (9850 जीडब्ल्यू) की 129 प्रतिशत की वार्षिक चक्रवृद्धि दर की आवश्यकता है। एक प्रमुख चुनौती के रूप में आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने की तत्काल आवश्यकता की पहचान की गयी, क्योंकि दुनिया नवीकरणीय उर्जा क्षमताओं के निर्माण में वृद्धि कर रही है। एक विश्लेषण से पता चलता है कि वर्ष 2022 में, प्रमुख प्रौद्योगिकियों– सौर पीवी मॉड्यूल (9 480 जीडब्ल्यू), पवन (9120 जीडब्ल्यू), लिथियम–आयन बैटरी (1000 जीडब्ल्यूएच), और 50त्न से अधिक इलेक्ट्रोलाइजर (8 जीडब्ल्यू प्रतिवर्ष)– की 80 प्रतिशत से अधिक विनिर्माण क्षमता केवल तीन देशों में केंद्रित हैं। उदाहरण के लिए, पिछले दशक में, सौर पीवी सामग्री के वैश्विक व्यापार का 70 प्रतिशत हिस्सा, केवल पांच देशों से है, जबकि पवन ऊर्जा के क्षेत्र के कुल व्यापार का 80 प्रतिशत हिस्सा केवल चार निर्यातक देशों के पास है। लिथियम–आयन बैटरी (एलआईबी) का निर्माण भी कुछ देशों में ही केंद्रित है। कुल व्यापार में 70 प्रतिशत हिस्सेदारी, केवल चार देशों की है। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि वर्तमान में आरई विनिर्माण अत्यधिक केन्द्रित है और व्यापार प्रवाह, ऊर्जा सुरक्षा के लिए जोखिम पैदा करता है, सदस्य देशों ने स्थानीय विनिर्माण पर ध्यान केंद्रित करते हुए निर्माण क्षमता को बढ़ाने और नई ऊर्जा प्रणाली की प्रमुख सामग्रियों, महत्वपूर्ण खनिजों और कल–पुर्जों के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं के विविधीकरण की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला। हरित हाइड्रोजनध्अमोनिया को बढ़ावा देने को अत्यधिक समर्थन मिला। कुछ सदस्यों ने, इसके अलावा, कम–कार्बन हाइड्रोजन प्रौद्योगिकियों की पूरी श्रृंखला पर विचार करने का प्रस्ताव दिया। वित्तपोषण की लागत को कम करने के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के वित्त के साथ–साथ निजी क्षेत्र द्वारा वित्तपोषण की आवश्यकता पर सुझाव दिए गए। आमंत्रित देशों ने वैश्विक दक्षिण के देशों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखने पर विचार साझा किए। उन्होंने इन प्रौद्योगिकियों में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए सरकारों को स्पष्ट दीर्घकालिक रूपरेखा देने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। सदस्य देशों ने कम–कार्बन वाली अर्थव्यवस्थाओं के लिए ऊर्जा दक्षता को ष्फर्स्ट फ्यूलष के रूप में मान्यता दी और उनके द्वारा लागू की गयी विभिन्न राष्ट्रीय नीतियों पर प्रकाश डाला। ये 2030 तक ऊर्जा दक्षता में सुधार की वैश्विक दर को दोगुना करने के बारे में रोडमैप के अपेक्षित परिणाम के लिए क्रमिक आवश्यकताओं पर अच्छी अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं। हरित विकास और हरित रोजगार को बढ़ावा देने के साधन के रूप में उद्योग और परिवहन के विद्युतीकरण के महत्व पर जोर दिया गया।

आईईए की रिपोर्ट के अनुसार, कोविड संकट के दौरान दुनिया में 75 मिलियन लोग सामर्थ्य में कमी के कारण बिजली की सुविधा से वंचित हो गए। विश्व स्तर पर लगभग 2.4 बिलियन लोग स्वच्छ खाना पकाने की प्रौद्योगिकियों और स्वच्छ ईंधन की सुविधा से वंचित हैं, संभावना है कि अतिरिक्त 100 मिलियन लोग भी, जिनकी स्वच्छ ईंधन तक पहुंच है, इस सुविधा से वंचित हो जायेंगे। सदस्य देशों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि ऊर्जा के हरित स्रोतों को अपनाने के लिए सभी एसडीजी में न्यूनतम व्यापार–बदलाव सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि कोई पीछे न रह जाए।




# गावस्कर ने पुजारा से कहा, 100वें टेस्ट मैच में शतक जड़ने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनो

नयी दिल्ली। अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने शुक्रवार को उम्मीद जताई कि चेतेश्वर पुजारा अपने 100वें टेस्ट मैच में शतक जड़ने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनेंगे और उन्होंने साथ ही कहा कि वह कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के शानदार उदाहरण हैं। पुजारा आस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच में मैदान पर कदम रखते ही भारत की तरफ से 100 टेस्ट मैच खेलने वाले 13वें क्रिकेटर बन गए। भारतीय टेस्ट टीम के मुख्य स्तंभ पुजारा ने टीम के अपने साथियों और परिजनों के सामने गावस्कर से विशेष कैप हासिल की। भारत की तरफ से 125 टेस्ट मैच खेलने वाले गावस्कर ने कहा,'' आपका 100 टेस्ट मैच के क्लब में स्वागत है और मैं प्रार्थना करता हूं कि आप अपने 100वें टेस्ट मैच में शतक जड़ने



वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बनो और दिल्ली में एक और जीत की नींव रखो।'' इस पूर्व भारतीय कप्तान ने कहा कि पुजारा ने भारतीय टीम की खातिर अपने शरीर की भी परवाह नहीं की। उन्होंने कहा,'' जब आप बल्लेबाजी के लिए जा रहे होते हैं तो ऐसा लगता है कि जैसे आप भारतीय ध्वज साथ में लेकर जा रहे हो। आप भारत की खातिर अपना शरीर दांव पर लगा देते हो।'' गावस्कर ने कहा,'' आपने अपने शरीर पर कई गेंदे झेली हैं और आपने गेंदबाजों को आपका विकेट हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करवाई। आपका प्रत्येक रन भारत के लिए महत्वपूर्ण रहा। आप कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के आदर्श रहे हो।'' पैंतीस वर्षीय पुजारा ने 2010 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था। उनके नाम पर टेस्ट क्रिकेट में 7000 से अधिक रन और 19 शतक शामिल हैं। पुजारा ने गावस्कर से कहा,'' आप जैसे दिग्गज खिलाड़ियों ने मुझे प्रेरित किया। जब मैं छोटा था तो भारत के लिए खेलने का सपना देखता था लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा कि मैं देश के लिए 100 टेस्ट मैच खेलूंगा।'' उन्होंने कहा,'' मेरा मानना है कि टेस्ट क्रिकेट खेल का वास्तविक प्रारूप है और इसमें आपके जज्बे की परीक्षा होती है। जिंदगी और टेस्ट क्रिकेट में कई समानताएं हैं। अगर आप मुश्किल दौर में संघर्ष कर सकते हैं तो फिर आप उससे बाहर निकल सकते हैं।'' पुजारा ने कहा,'' मेरे परिवार और मित्रों का समर्थन बनाए रखने के लिए हार्दिक आभार। बीसीसीआई, मीडिया, टीम के मेरे साथियों और सहयोगी स्टाफ का धन्यवाद।

# एशिया कप 2023: पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की नई चाल, अपने मैच यहां खेल सकती है टीम इंडिया

एशिया कप को लेकर लगातार बवाल मचा हुआ है। यह बवाल तब शुरू हुआ जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह ने साफ तौर पर कह दिया था कि टीम इंडिया एशिया कप के मुकाबले खेलने के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेंगे। इसके बाद पाकिस्तान पूरी तरह से बौखलाया हुआ है। पाकिस्तान को इस बात का भी डर है कि कहीं उससे एशिया कप 2023 की मेजबानी ना छीन जाए। यही कारण है कि एशिया कप की मेजबानी अपने पास रखने और भारतीय टीम को भी टूर्नामेंट में खिलाने को लेकर पाकिस्तान ने एक नई चाल चली है। पाकिस्तान की यह चाल अगर सफल हो जाती है तो उसके पास एशिया कप की मेजबानी



भी रह जाएगी और भारत बिना पाकिस्तान का दौरा किए हुए भी अपने मुकाबले खेल सकता है। जानकारी के मुताबिक पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड एशिया कप के कुछ मुकाबले यूएई में भी कराने पर विचार कर रहा है। इसका मतलब साफ है कि अगर यह प्लान सफल होता है तो पाकिस्तान कुछ मुकाबले यूएई में और कुछ मुकाबले अपने देश में कराएगा। ऐसे में भारत अपने मुकाबले यूएई में खेल सकता है। हालांकि, इस पर आखिरी फैसला एशियन क्रिकेट काउंसिल की है बैठक में लिया जाएगा। इससे पहले भी 4 फरवरी को एक बैठक हुई थी। लेकिन उस बैठक में एशिया कप को लेकर कोई फैसला नहीं लिया गया। खबर यह है कि इस मसले पर एशिया क्रिकेट काउंसिल की अगली बैठक में कोई बड़ा निर्णय लिया जा सकता है। लेकिन कहीं ना कहीं एशिया कप को लेकर पाकिस्तान अभी भी असमंजस में पड़ा हुआ है। एशिया कप की मेजबानी को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजम सेठी से भी सवाल पूछा गया। उन्होंने कहा कि फिलहाल यह एक अनसुलझा मामला है। अगले महीने होने वाली एसीसी की बैठक में इस पर कोई निर्णय लिया जा सकता है। मेजबानी को लेकर भी सवाल पूछा गया जिसके जवाब में उन्होंने कहा कि पिछली बैठक में क्या हुआ, यह क्या बताऊं। कोई हल ही नहीं निकला। हालांकि, सूत्र भी दावा कर रहे हैं कि भारत के इनकार के बाद एशिया कप अब 2 देशों में हो सकता है। कुछ मुकाबले यूएई में भी खेला जा सकता है।

# ख्वाजा का अर्धशतक, पर अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया को बैकफुट पर भेजा

नयी दिल्ली। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने



नाबाद अर्धशतक जमाया लेकिन रविचंद्रन अश्विन ने दो विकेट लेकर भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के पहले दिन शुक्रवार को यहां लंच से पहले वापसी दिलाई। ऑस्ट्रेलिया ने लंच के समय तीन विकेट पर 94 रन बनाए थे। उस समय ख्वाजा 50 और ट्रेविस हेड एक रन पर खेल रहे थे। अश्विन ने लंच से ठीक पहले मार्नस लाबुशेन (18) और स्टीव स्मिथ (शून्य) को पवेलियन भेजा। इससे पहले मोहम्मद शमी ने सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर (15) को आउट किया। अश्विन ने अब तक 29 रन देकर दो जबकि शमी ने 31 रन देकर एक विकेट लिया है। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिन्स ने लगातार दूसरे मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। ख्वाजा और वॉर्नर ने पहले विकेट के लिए 50 रन जोड़कर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। ख्वाजा अधिक विश्वास के साथ बल्लेबाजी कर रहे थे और उनका फुटवर्क भी अच्छा था लेकिन वॉर्नर को संघर्ष करना पड़ा। मोहम्मद सिराज ने अपने पहले स्पैल में उन्हें काफी परेशान किया। उनकी गेंद वॉर्नर की कोहनी और हेलमेट पर भी लगी। सिराज ने एक तरह से मंच तैयार कर दिया था और ऐसे में रोहित शर्माने दूसरे छोर से फिर से गेंद शमी को सौंप दी। शमी ने इसके बाद जल्द ही भारत को पहली सफलता दिला दी। उनकी कोण लेती गेंद वॉर्नर के बल्ले का किनारा लेकर विकेटकीपर कोना भरत के दस्तानों में समा गई। ख्वाजा ने हालांकि अश्विन और रविंद्र जडेजा का डटकर सामना किया। अश्विन ने हालांकि लाबुशेन को पगबाधा आउट करके भारत को दूसरी सफलता दिलाई। तब निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) का फैसला भारत के पक्ष में गया था। इसके एक गेंद बाद स्मिथ भी पवेलियन लौट गए लेकिन इसका पूरा श्रेय विकेटकीपर भरत को जाता है जिन्होंने बहुत ही अच्छे तरीके से कैच लिया जो काफी नीचे था। भारत नागपुर में पहला टेस्ट पारी और 132 रन से जीत कर चार मैचों की श्रृंखला में 1–0 से आगे चल रहा है।

# बाइडेन की चीन को दो टूक, अमेरिका की सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाले की अब खैर नहीं

जासूसी बैलून पर चीन और अमेरिका अब आमने–सामने आ गए हैं। जासूसी गुब्बारे के मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीन को खरी–खरी सुनाई है। बाइडेन ने चीन को दो टूक कह दिया कि अमेरिका की सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाले की अब खैर नहीं है। बाइडेन ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अमेरिका की सुरक्षा को खतरा पहुंचाने की गलती न करे चीन। अगर ऐसा हुआ तो फिर सख्त एक्शन लिया जाएगा।



जो बाइडेन ने कहा कि इंटेलिजेंस कम्युनिटी के मुताबिक, इसकी संभावना ज्यादा है कि ये निजी कंपनियों, स्टडी या मौसम की जानकारी लेने के लिए भेजे गए बैलून थे। उन्होंने कहा कि उन्हें चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बात करने की उम्मीद है। अमेरिकी लड़ाकों द्वारा गिराए गए चीनी गुब्बारे और तीन अज्ञात वस्तुओं के बारे में अपनी सबसे व्यापक टिप्पणी में, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ष्संयुक्त राज्य अमेरिका इस मुद्दे पर चीन के साथ कूटनीतिक रूप से संलग्न था। अमेरिका, चीन के साथ नया कोल्ड वॉर नहीं चाहता। हम चीन के साथ बातचीत जारी रखेंगे और इन कथित स्पाई बैलून को लेकर चीनी राष्ट्रपति से बात करेंगे।

इससे पहले चीन ने धमकी देते हुए कहा था कि हम कार्रवाई का अब जवाब देंगे। अमेरिका में पिछले दिनों तीन जासूसी बैलून नजर आए थे। इन्हें बाद में फिर शूट डॉउन किया गया था। चालबाज चीन ने अमेरिका को गीदड़भभकी देते हुए कहा कि वो इस कार्रवाई का जवाब जरूर देगा। ये धमकी चीनी विदेश मंत्री ने दी। चीनी विदेश मंत्री ने कहा कि बैलून को लेकर अमेरिका ने ओवर रिएक्ट किया है। मानव रहित बैलून को गिराया जाना उचित नहीं था। इस तरह की कार्रवाई दोनों देशों में तनाव बढ़ाने वाली थी। जिसका चीन जवाब देगा।

# ग्लेन मैक्सवेल चोट से उबरने के बाद वापसी के लिए तैयार

मेलबर्न। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल पैर की चोट से उबरने के बाद अब वापसी के लिए तैयार हैं तथा क्लब



क्रिकेट के एक मैच में अपनी फिटनेस का आकलन करने के बाद वह शेफील्ड शील्ड के मैच में खेल सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के नवंबर में आईसीसी टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के कुछ दिन बाद अपने दोस्त की जन्मदिन पार्टी में मैक्सवेल के बाएं पांव में फ्रैक्चर हो गया था। सीमित ओवरों के विशेषज्ञ 34 वर्षीय मैक्सवेल इस सप्ताहांत तीन महीने के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी करने के लिए तैयार हैं। उनके दक्षिण आस्ट्रेलिया के खिलाफ विक्टोरिया की तरफ से शेफील्ड शील्ड मैच में खेलना तय है। मैक्सवेल शनिवार को क्लब टीम फिट्जराय–डॉनकास्टर के लिए खेलेंगे, जिसके बाद उनका फिटनेस टेस्ट होगा। फिटनेस टेस्ट में सफल होने के बाद वह सोमवार को दक्षिण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जंक्शन ओवल में होने वाले शील्ड मैच में उतरेंगे। क्रिकेट विक्टोरिया के पुरुष क्रिकेट के प्रमुख डेविड हसी ने क्रिकेट.कॉम.एयू से कहा, ''ग्लेन की क्षमता वाले खिलाड़ी का टीम में आना रोमांचक है। शील्ड क्रिकेट में उनका शानदार रिकॉर्ड है।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तालिबानी आत्मघाती बम हमलावर ढेर

पेशावर। अफगानिस्तान की सीमा से सटे पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में खुफिया सूचना पर आधारित सुरक्षा बलों के अभियान में एक तालिबानी आत्मघाती बम हमलावर को मार गिराया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। तहरीक–ए–तालिबान (टीटीपी) से संबंधित आत्मघाती बम हमलावर की मौजूदगी के बारे में पुष्ट खुफिया सूचना मिलने के बाद खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दक्षिण वजीरिस्तान जिले के स्पिनकाई इलाके में अभियान चलाया गया था। बम हमलावर की मौजूदगी की सूचना मिलने



के बाद सुरक्षा बल जिले में एक गांव में पहुंचे और संदिग्ध परिसर को घेर लिया। सुरक्षा बलों के साथ गोलीबारी के दौरान हमलावर के शरीर में लपेटे गए बम में विस्फोट होने से वह मारा गया। सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि बम हमलावर अफगानिस्तान के लोगार प्रांत से आया था। प्रतिबंधित टीटीपी को पाकिस्तान तालिबान के नाम से जाना जाता है। टीटीपी पूर्व में सुरक्षा कर्मियों को निशाना बनाकर कई आत्मघाती हमले कर चुका है। समूह को अल–कायदा का करीबी माना जाता है और समूचे पाकिस्तान में इस पर 2009 के सैन्य मुख्यालय पर हमला, सैन्य अड्डों पर हमला और इस्लामाबाद में 2008 में मैरियट होटल पर हमला समेत कई हमलों को अंजाम देने का आरोप है।

# दक्षिण कोरिया, अमेरिका करेंगे 'table top' सैन्य अभ्यास

सियोल। दक्षिण कोरिया और अमेरिका, उत्तर कोरिया द्वारा परमाणु हथियारों के संभावित इस्तेमाल की स्थिति में अपनी संयुक्त प्रतिक्रिया पर विचार करने के लिए अगले सप्ताह अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय पेंटागन में 'टेबल टॉप' सैन्य अभ्यास करेंगे। 'टेबल टॉप' अभ्यास का अर्थ है कि अहम भूमिका एवं



जिम्मेदारियां निभाने वाले सैन्य अधिकारी एकत्र होकर आपात स्थिति से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया पर विचार–विमर्श करते हैं और योजना बनाते हैं। यह अभ्यास बुधवार को किया जाएगा। अमेरिका और दक्षिण कोरिया उत्तर कोरिया के लगातार आक्रामक होते परमाणु कार्यक्रम के मद्देनजर अपने 70 साल पुराने गठबंधन को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। दक्षिण कोरिया ने एक बयान में बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य उत्तर कोरिया के परमाणु खतरों के खिलाफ उठाए जाने वाले कदमों पर ध्यान केंद्रित करना है और इस बात पर चर्चा करना है कि अमेरिका के सहयोगियों पर हमलों को रोकने के लिए परमाणु समेत अमेरिका की पूर्ण क्षमताओं का इस्तेमाल करने की प्रणाली कैसे विकसित की जा सकती है।

# ट्विटर ने दिल्ली, मुंबई में कार्यालय बंद किए, कर्मचारी कर रहे हैं घर से काम

नयी दिल्ली। छंटनी और लागत में भारी कटौती की कवायद को आगे बढ़ाते हुए ट्विटर ने दिल्ली और मुंबई स्थित अपने कार्यालय बंद कर दिये हैं। सूत्रों ने यह जानकारी देते हुए कहा कि कर्मचारियों को घर से काम करने के लिए कहा गया है।

सूत्रों ने कहा कि ट्विटर के बेंगलुरु कार्यालय में मुख्य रूप से इंजीनियरिंग कर्मचारी काम करते हैं। हालांकि मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने कहा कि दिल्ली और मुंबई के कार्यालय कुछ सप्ताह पहले बंद हो गए थे और इनके कर्मचारी अब घर से काम कर रहे हैं। इस कदम से प्रभावित कर्मचारियों की संख्या का तत्काल पता नहीं चल सका है।

इस बारे में ट्विटर को ईमेल से भेजे गए सवालों का खबर लिखे जाने तक कोई जवाब नहीं आया था। ट्विटर के नए मालिक उद्योगपति एलन मस्क ने इससे पहले कहा था कि कंपनी को हर दिन लाखों डॉलर का नुकसान हो रहा है और ऐसे में उनके पास छंटनी तथा लागत में कटौती के अलावा कोई विकल्प ही नहीं बचा था। मस्क ने 44 अरब डॉलर में ट्विटर का अधिग्रहण करने के बाद बड़े पैमाने पर छंटनी शुरू की है। ट्विटर ने वैश्विक स्तर पर कार्यबल में कमी करने की योजना के तहत भारत में अपने ज्यादातर कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। इस छंटनी से पहले भारत में कंपनी के 200 से अधिक कर्मचारी काम रहे थे।

# अमेरिका–रूस तो केवल डराएंगे, ड्रैगन महाविनाश लाएगा, 2035 तक 1500 एटम बम बना लेगा चीन!

पेंटागन ने अमेरिकी कांग्रेस को एक रिपोर्ट सौंपी है। उस



रिपोर्ट में अंदेशा जाहिर किया गया है कि चीन तेजी से एटम बम बना सकता है। इसके साथ ही जानकारी है कि 2035 तक चीन के पास 1500 एटम बम हो सकते हैं। हालांकि चीन की तैयारी पेंटागन के अनुमान से कहीं आगे की है। चीन न केवल एटम बम बना रहा है बल्कि इसे दागने के लिए आईसीबीएम मिसाइल लॉन्चर भी बड़ी तादाद में बना रहा है। अमेरिका से ज्यादा आईसीबीएम मिसाइल लॉन्चर बना रहा

रेस चाहे एटम बम की हो या फिर एटम बम ले जाने वाली इंटरकांटिनेंटल मिसाइलों की, सर्वनाश का सामान एकत्र करने की दौड़ में चीन अमेरिका से भी आगे निकलने की कोशिश में लगा है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय को जिनपिंग की दो विनाशकारी योजनाओं के बारे में पता चला है। पहली योजना 2027 की है और दूसरी 2035 की है। पेंटागन की रिपोर्ट के अनुसार चीन अमेरिका से ज्यादा आईसीबीएम मिसाइल लॉन्चर बना रहा है। अक्टूबर 2022 के बाद चीन और अमेरिका के हथियारों का संतुलन बदल गया है। चीन ने महाविनाश के कई हथियारों की रेस में अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है।

परमाणु जखीरे को बढ़ाकर 1,500 कर देगा चीन

जब रूस ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की, तो नाटो अपनी इच्छा के बावजूद रूस पर आक्रमण नहीं कर सका। रूस के परमाणु जखीरे को इसके पीछे मुख्य कारण बताते हुए शी जिनपिंग ने पिछले साल नवंबर के महीने में परमाणु हथियारों के महत्व पर जोर दिया था। 2022 में अमेरिका ने भी दावा किया था कि चीन अपनी परमाणु ताकत बढ़ा रहा है। अमेरिका ने कहा था कि 2035 तक चीन अपने परमाणु जखीरे को बढ़ाकर 1,500 कर देगा।

## सेक्टर मजिस्ट्रेट ने बोर्ड परीक्षाकेंद्र का किया निरीक्षण

सलेमपुर। सेक्टर मजिस्ट्रेट डॉ. भागीरथी सिंह ने क्षेत्र के आधा दर्जन परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान दौरान कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरे की जांच की। नायब तहसीलदार डॉ. भागीरथी सिंह को अनंत इंटर कॉलेज सतरांव, श्रीराम इंटर कॉलेज तेलियां कला, जवाहर लाल नेहरू रघुनंदन इंटर कॉलेज यमुनामठ कसिली, देवरहा बाबा इंटर कॉलेज देवसिया, आदर्श गांधी मिशन इंटर कॉलेज खखड़ी मगहरा, दयानंद इंटर कॉलेज पनिका बाजार का सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाया गया है। पहले दिन सेक्टर मजिस्ट्रेट ने खखड़ी मगहरा, दयानंद इंटर कॉलेज पनिका बाजार, श्रीराम इंटर कॉलेज समेत अनेक कॉलेजों की जांच की।

## वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

पड़री बाजार। सलेमपुर ब्लॉक क्षेत्र के घुसरी मिश्र स्थित जीडी एकेडमी में . रात वार्षिकोत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश तिवारी ने सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा संस्कार की जननी है। व्यक्तित्व विकास में शिक्षा की महती भूमिका है। ऐसे में सभी को शिक्षा ग्रहण करना चाहिए। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सीओ सीटी श्रीयश त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षा का व्यवसायीकरण होने के साथ नैतिक परख होना भी जरूरी है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय ने कहा कि शिक्षा के द्वारा ही समाज का सकारात्मक विकास संभव है। इस दौरान विद्यालय के छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रबंधक विनय मिश्रा ने अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान बीके शुक्ला, दीनदयाल मिश्र, दरोगा मिश्र, विश्वामित्र मिश्र, मुरली मनोहर यादव, सन्नी मौर्य,प्रतीक पांडेय ,शिल्पी पांडेय, फरीदा, श्वेता बर्नवाल आदि मौजूद रहे।

## ढोल नगाड़ों की थाप और जयघोष के बीच नगर में निकली शिव बरात

देवरिया। श्री बाबा सोमनाथ सेवा समिति की ओर से .शहर में शिव बरात निकाली गई। जगह–जगह लोगों ने बरातियों का स्वागत किया। रास्ते भर भोलेनाथ, ब्रह्मा, विष्णु, हनुमान सहित अन्य देवी–देवताओं एवं भूत, प्रेत सहित शिव के अन्य गणों के अलावा मोर–मोरनी की झांकियों ने अपनी प्रस्तुतियों व भाव भंगिमाओं से भक्तों को जयघोष करने पर विवश किया। पेड़ा गली स्थित महाराजा अग्रसेन अतिथि भवन से शिव बरात की शुरूआत ढोल–नगाड़ों की थाप के बीच हुई। रेलवे स्टेशन रोड, तहसील रोड, नगरपालिका रोड, सुभाष चौक, मालवीय रोड, सुर्ती हट्टा रोड, मोहन रोड, सब्जी मंडी, मोतीलाल रोड, कसया ढ़ाला, श्याम मंदिर होते हुए नगर में भ्रमण करते हुए सोमनाथ मंदिर पर पहुंची। यहां भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। उधर विभिन्न जगहों पर लोगों ने झांकियों की पूरे भक्ति भावना से पूजा अर्चना की। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था की दुरुस्त रही। बरात में समिति के संरक्षक अशोक अग्रवाल, अध्यक्ष शिव कुमार गोयल, मंत्री कृष्ण मोहन गुप्त, उपाध्यक्ष बैजनाथ रौनियार, मारकंडेय गिरी, कृष्णा, विष्णु अग्रवाल, विकास गोपाल अग्रवाल, विकास मरोदिया, रामकुमार बर्नवाल, कमलेश मित्तल, पुजारी भोला गिरी आदि शामिल रहे।

## दवा खाने से 33 बच्चों की तबीयत खराब

फरेंदा। क्षेत्र के भारीवैसी वनटांगिया में एल्बेंडाजोल की दवा खाने से 33 छात्रों की तबीयत खराब हो गई। इसकी जानकारी प्रधानाध्यापक ने स्वास्थ्य विभाग को दी। इस पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने विद्यार्थियों का इलाज किया। फरेंदा क्षेत्र के मथुरानगर भारीवैसी गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई थी। इसके बाद छात्रा शिवानी, रोशनी, शिवम, सिद्धी, मोहनी, संजनी, रिया, सपना, निशा, दिव्या, किरन, आकाश, विकास, शिवनाथ, दुर्गेश, सुनील, गोलू, सोनू, रोशनी, अंशिका, अंश, मोनू, सोमनाथ, निशा, शिवनाथ, छोटू, विकास, अंशू, राजन, साधना, झिन्नू, शिवानी व आर्यन की तबीयत बिगड़ने लगी। परिजनों ने बच्चों का इलाज प्राइवेट में कराया और सूचना प्रधानाध्यापक प्रद्युम्न सिंह को दी। प्रधानाध्यापक ने जानकारी स्वास्थ्य विभाग को दी। इस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी की टीम ने मौके पर पहुंच कर बच्चों की सेहत का हाल जानकर दवा दी। अधीक्षक डॉ. एमपी सोनकर ने बताया कि एल्बेंडाजोल दवा खिलाने से तबीयत नहीं खराब हुई है। वायरल फीवर हो सकता है। टीम को भेज कर बच्चों का इलाज कराया गया।

## दर्जीनिया में बनेगा मगरमच्छ प्रजनन केंद्र

महराजगंज। सोहगीबरवां वन्यजीव प्रभाग के निचलौल रेंज में स्थित दर्जीनिया ताल में मगरमच्छ प्रजनन केंद्र बनाया जाएगा। इसके लिए वन विभाग ने प्रस्ताव भेजा है। स्वीकृति मिलने के बाद उसके निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। केंद्र के बन जाने से जहां यहां की रौनक और बढ़ जाएगी, वहीं, दर्जीनिया से अन्य स्थलों पर भी मगरमच्छ को भेजा जा सकेगा। सोहगीबरवां वन्यजीव प्रभाग के सात रेंजों में से निचलौल का वन क्षेत्र ऐसा है, जिसमें सर्वाधिक मगरमच्छ हैं। जंगल क्षेत्र में स्थित दर्जीनिया को मगरमच्छों के अनुकूल बनाने के लिए वन विभाग की ओर से पहल की जा रही है। ताल में नर व मादा मगरमच्छ की मौजूदगी को देखते हुए इसे प्रजनन केंद्र के रूप में विकसित किए जाने के लिए वन विभाग की ओर से शासन में प्रस्ताव भेजा गया है। प्रस्ताव के स्वीकृत होने के बाद यहां पर मगरमच्छों को सुरक्षित ढंग से रखने व प्रजनन के माध्यम से उनकी संख्या में बढ़ोतरी का प्रयास होगा। संख्या में बढ़ोतरी से जहां निचलौल रेंज और समृद्ध होगा, वहीं, प्रजनन केंद्र के बन जाने से यहां से छोटे संख्या में मगरमच्छ प्रदेश के अन्य वन प्रभागों में मांग के क्रम में भेजे जा सकेंगे। गणना में 166 मगरमच्छों के होने की हुई है पुष्टिः वन विभाग की ओर से वर्ष 2022 में की गई गणना के मुताबिक सोहगीबरवां वन्यजीव प्रभाग में कुल 166 मगरमच्छ हैं। इनमें 65 नर, 61 मादा व 40 बच्चे हैं। अकेले निचलौल वन क्षेत्र में कुल 138 मगरमच्छ हैं। इनमें से 58 नर, 53 मादा व 27 बच्चे हैं। मधवलिया में 11, पकड़ी में दो एवं उत्तरी चौक में भी 15 मगरमच्छों के होने की पुष्टि हुई है।

## कथा वाचिका कृष्ण मोहिनी की कथा सुन झूम उठे भक्त

कुशीनगर। जनपद के कसया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा शामपुर हतवा मे बाबा बउध नाथ स्थान पर विश्व कल्याण हेतु 9 दिवसीय श्री श्री 1008 श्री रुद्र महायज्ञ के सातवे दिन कथा वाचिका कृष्णमोहिनी (बृंदावन) द्वारा श्री कृष्ण कथा का रसपान कराया गया व आरती कराया गया। जिसे सुन सैकड़ों की संख्या मे जुटे ग्राम वासी व क्षेत्र वासी भक्त कथा व आरती सुन कर झूमने लगे। चारो तरफ हर हर महादेव,जय श्री राम व जय श्री कृष्णा का नारा गुजने लगा वहा परिक्रमा करे रहे भक्त भी कथा व आरती का आनन्द लेने लगे चारो तरफ भक्तिमय दिखने लगा। मुख्य यजमान विनोद दुबे, प्रेम प्रकाश तिवारी, दिनेश शुक्ल, बिगनेश चौबे, रबिन्द्र तिवारी तथा कार्यकता गण सचितानंद पान्डेय, शैलेंद्र पांडेय, विद्या पांडेय, अक्षयवर नाथ पांडेय, अविनाश पाण्डेय, सुनील पाण्डेय, राजा राम पाण्डेय, सदानन्द पाण्डेय,नीलेश गुप्ता, अमर शर्मा,अशोक पांडेय, बध्जिेश नाथ तिवारी, सुनील यादव, रमेश यादव मुकेश चौधरी ,राजेश,राजनसिंह, सुमंत शर्मा, अमित पाण्डेय, रामनाथ गोंड, शिवेश पाण्डेय, पुजारी मनोज गिरी सहित समस्त ग्राम–वासी सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरूष भक्तगण उपस्थित रहे।

# ग्राम प्रधानों तथा सदस्यों के रिक्त पदों के उप निर्वाचन हेतु समय सारणी निर्गत

### जिला मजिस्ट्रेट ने निर्वाचन कार्य को निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से कराये जाने के दृष्टिगत नामित किए अधिकारी

कुशीनगर। जिला मजिस्ट्रेट, जिला निर्वाचन अधिकारी, पंचायत एवं नगरीय निकाय रमेश रंजन ने बताया कि जनपद में ग्राम पंचायतों के प्रधानों तथा उनके सदस्यों के रिक्त पदों के उप निर्वाचन माह फरवरीध्मार्च में सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा समय सारणी निर्गत कर दिया गया है। समय सारणी के अनुसार नाम निर्देशन जमा करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 04 बजे तक, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 21 फरवरी को पूर्वान्ह 10 बजे से कार्य समाप्ति तक, उम्मीदवारी वापस लेने की तिथि 22 फरवरी को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक, प्रतीक आवंटन 22 फरवरी को ही अपरान्ह 03 बजे से कार्य समाप्ति तक, मतदान 02 मार्च को प्रातः 07 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक तथा मतगणना की तिथि 04 मार्च को प्रातः 08 बजे से कार्य समाप्ति तक निर्धारित है। समय सारणी के मध्य पडने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर भी संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निर्धारित समय सारणी के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। निर्वाचन कोविड–19 व अन्य किसी महामारी के संबंध में राज्य आपदा प्रबन्ध, राष्ट्रीय आपदा प्रबन्ध, राज्य सरकार तथा केन्द्र सरकार द्वारा समय–समय पर निर्गत दिशा निर्देशों का कडाई के साथ अनुपालन कराते हुए सम्पन्न कराये जायेंगे। उन्होंने बताया कि 16 फरवरी से नामांकन पत्रों का विक्रय विकास खण्ड मुख्यालय से किया जायेगा। उप निर्वाचन में प्रधान ग्राम पंचायत व ग्राम पंचायत सदस्यों के नामांकन पत्र दाखिल करने, उनकी संवीक्षा करने, उम्मीदवारी वापस लेने, चुनाव चिन्ह आवंटन तथा मतगणना का कार्य विकास खण्ड मुख्यालय पर ही की जायेगी। जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि ब्लाक रामकोला अन्तर्गत ग्राम पंचायत सिधावे के प्रधान पद महिला तथा ब्लॉक सेवरही अंतर्गत ग्राम पंचायत जमसडीया के प्रधान पद महिला सहित ग्राम पंचायत सदस्यों विकास खण्ड कप्तानगंज में 5, खड्डा में 15 तमकुहीराज में 28, दूदही में 18, नेबुआ नौरंगिया में 39, पडरौना के 40, फाजिलनगर के 27, व मोतीचक में 3 सदस्य पद हेतु उप निर्वाचन होगा। निर्वाचन कार्य निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पादित कराये जाने के दृष्टिगत उन्होंने निर्वाचन अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी को नियुक्त किया है। इसके अतिरिक्त 05–05 आरक्षित निर्वाचन अधिकारी एवं आरक्षित सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। नामित अधिकारियों के विवरण में उन्होंने बताया है कि विकास खंड पडरौना हेतु निर्वाचन अधिकारी डॉ0 जयप्रकाश यादव चिकित्सा अधिकारी कार्यालय क्षेत्रीय एवं यूनानी अधिकारी कुशीनगर को निर्वाचन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में अक्षयवर गुप्ता अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग नि0ख0 को सहायक निर्वाचन अधिकारी नामित किया गया है। जो ग्राम पंचायत प्रधान, सदस्य के नामांकन से लेकर मतगणना तक की कार्यों को देखेंगे। इसी प्रकार विकास खंड सेवरही हेतु ओमप्रकाश तिवारी सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्वाचन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में गिरीजेश कुमार अवर अभियंता कार्यालय अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड कसया को सहायक निर्वाचन अधिकारी नामित किया गया है। विकास खण्ड रामकोला हेतु सतीश कुमार सहायक आयुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन को निर्वाचन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में संदीप कुमार अवर अभियंता लोक निर्माण विभाग नि0ख0 कुशीनगर को नामित किया गया है । विकास खंड हाटा हेतु वेद प्रकाश यादव परियोजना अधिकारी डूडा जिला नगरीय विकास अभिकरण को निर्वाचन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में नरेश कुमार अवर अभियंता लघु सिंचाई विकास भवन कुशीनगर को नामित किया गया है ।विकास खंड मोतीचक में डॉ मनोज भास्कर चिकित्सा अधिकारी होम्योपैथिक सुकरौली को निर्वाचन अधिकारी व रमेश चंद्र अवर अभियंता सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग बाढ़ खंड पडरौना कुशीनगर को नामित किया गया है। विकास खंड कप्तानगंज हेतु विजय प्रताप यादव सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय सहायक श्रम आयुक्त कुशीनगर को निर्वाचन अधिकारी व संतोष कुमार अवर अभियंता कार्यालय ग्रामीण अभियंत्रण विभाग प्रखंड कुशीनगर को सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में नामित किया गया है। विकास खंड विशुनपुरा हेतु रमेश कुमार जिला लेखा परीक्षा अधिकारी कार्यालय जिला परीक्षा अधिकारी सहकारी समितियां एवं पंचायत कुशीनगर को निर्वाचन अधिकारी व नीरज कुमार बरनवाल अवर अभियंता निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग कुशीनगर को सहायक निर्वाचन अधिकारी नामित किया गया है। विकास खंड सुकरौली हेतु राकेश कुमार मिश्र बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी कुशीनगर को निर्वाचन अधिकारीव भोला कुशवाहा प्राविधिक सहायक उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी को सहायक निर्वाचन अधिकारी नामित किया गया है।

## सांसद खेल महाकुंभ गोरखपुर में फरेंदा क्रिकेट टीम के सर्वश्रेष्ठ रहे श्रेष्ठ

फरेंदा, महराजगंज। गोरखपुर के रीजनल स्पोर्ट स्टेडियम में आयोजित



सांसद खेल महाकुंभ का समापन गुरुवार को हुआ। इस दौरान वहां विभिन्न खेल भी आयोजित हुई। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सांसद रवि किशन एवं विधायक कैंपियरगंज फतेह बहादुर मौजूद रहे। खेल महाकुंभ में क्रिकेट का भी प्रतियोगिता हुआ। जहां फरेंदा क्षेत्र के पत्रकार राहुल प्रताप सिंह के पुत्र सर्वश्रेष्ठ प्रताप सिंह एवं रूद्र प्रताप सिंह ने फरेंदा क्षेत्र से क्रिकेट में प्रतिभाग किया। क्रिकेट में दोनों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। सर्वश्रेष्ठ प्रताप सिंह एवं रुद्र प्रताप सिंह ने बालाजी एकेडमी के तरफ से खेला। इन्होंने डीए स्पोर्ट्स एकेडमी गोरखपुर को पराजित किया। क्रिकेट में हरफनमौला प्रदर्शन करने पर सांसद रवि किशन एवं विधायक कैंपियरगंज फतेह बहादुर ने खिलाड़ियों को मेडल एवं ट्रैकसूट देकर सम्मानित किया। वहीं पूर्व मंत्री वर्तमान एवं विधायक फतेह बहादुर सिंह ने सर्वश्रेष्ठ प्रताप सिंह को ध्1000 का नगद इनाम देकर हौसला अफजाई किया। वही भारी वैसी स्टेडियम में कुछ माह पूर्व निरीक्षण करने पहुंचे डीएम ने बच्चों को क्रिकेट खेलता देखा तो वह भी अपने आप को रोक नहीं पाए और बच्चों के साथ क्रिकेट खेला। टीम में सबसे छोटे सर्वश्रेष्ठ प्रताप सिंह है। उन्होंने डीएम से सेल्फी लेने के लिए इच्छा जाहिर किया। जिस पर डीएम ने बच्चों के साथ सेल्फी लिया और उन्हें बेहतर खेल के लिए बधाई भी दिया। ——— टीम में यह रहे शामिल फरेंदा से गोरखपुर गए रीजनल स्टेडियम में खेलने के लिए फरेंदा बालाजी अकैडमी के टीम का कैप्टन रूद्र प्रताप सिंह, वाइस कैप्टन सर्वश्रेष्ठ प्रताप सिंह,दिनेश कार्तिक, हर्षित पांडे, सिद्धार्थ त्रिपाठी, अनुज रावत, अब्दुल हुड्डा, राजकुमार, अंशु केसरी टीम में खेलते हुए विजय प्राप्त किया। वही जब बालाजी अकैडमी के कोच कृष्णा यादव से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि रोज इन लोगों कि मैं जयपुरिया के मिनी स्टेडियम में प्रैक्टिस कर आता हूं और हर रविवार को नौतनवा, पीपीगंज महाराजगंज, सनौली टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए जूनियर टीम सर्वश्रेष्ठ और रुद्र के संरक्षण में खेलने जाती है। एक आध मैच हारे होंगे हम लोग बाकी हमेशा जीते ही हैं और सर्वश्रेष्ठ का बहुत बड़ा योगदान रहता है। अभी पिछले मैच में पीपीगंज में 49 रनों का धुआंधार बैटिंग किया था।

# गोला सरयू नदी के पुल पर छाये काले बादल निर्माणाधीन पुल का कार्य हुआ बंद

### सेतु निगम के अभियंता कुछ बोलने को तैयार नही

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला बाजार,गोरखपुर। जिले से



जिले को जोड़ने के लिए सपा की सरकार में स्वीकृत हुए आजमगढ़ के हाजीपुर बंधे से जनपद गोरखपुर दक्षिणांचल में स्थित गोला बेवरी गांव तक सरयू नदी में बन रहे पुल का निर्माण कार्य पूरी तरह बन्द हो गया है। पुल का निर्माण करने वाले कार्यदायी संस्था अपना सामान लेकर चले गए। नदी में कुछ पिलर तो पूरे हो चुके है कुछ अधूरा पड़ा दिखाई दे रहे है।इस ब्यवस्था से क्षेत्र के लोगों में जहां खुशी के बादल छाए थे वहां मायूसी छाई पड़ी है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि इस पुल से जहाँ दोनों जनपदों के रिस्तो में मिठास आता। लोगो को दूरियां कम तय करनी पड़ती। ब्यवसाय आगे बढ़ता। सबका सब अरमान धरा का धरा रह गया। बताते चले कि बर्ष 2016 दिसम्बर माह में तत्कालीन सपा सरकार ने आजमगढ़ के महुला गढ़वल बांध पर हाजीपुर खडेलिया से गोला बाजार के बीच सरयू नदी पर पुल बनाने के लिए प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृत प्रदान की गई थी। इसके लिए शासन से 2 अरब अट्ठाईस करोड़ 15 लाख बहत्तर हजार रूपये स्वीकृत हुए थे।जिसमें पुल के साथ ही साथ सड़क निर्माण भी होना था।स्वीकृति होने के साथ ही 10 करोड़ रुपये अवमुक्त भी कर दिया गया। उ0प्र0 सेतु निगम व लोक निर्माण बिभागकर कार्य दायी एजेंसी द्वारा निर्माण कार्य होना था। मार्च 2017 तक पुल का सर्वेक्षण कार्य पूरा कर पुल की डिजाइन पूरा कर दिया गया।पुल कि लम्बाई 1300 मीटर रहा। जिसमे नदी में कुल26खम्भे लगने थे। 2017 दिसम्बर में पूर्व मुख्यमंत्री व निवर्तमान सांसद आजमगढ़ मा मुलायम सिंह द्वारा पुल का शिलान्यास किया गया। इस सेतु के निर्माण में अहम भूमिका लोक निर्माण बिभाग के साथ उत्तर प्रदेश सेतु निगम के दोनों संस्थाओं द्वारा कार्य आरम्भ किया गया। नदी पर पुल का निर्माण होता देख दोनों जनपद के लोगो के अन्दर खुशी के बादल उमड़ पड़े थे। नदी में पिलर लगना आरम्भ हुआ। नदी में कुछ पिलर तो पूरे हुए और शेष अधूरे पड़े है।पुल के दोनों तरफ लोक निर्माण बिभाग द्वारा 5 बर्ष बाद भी अप्रोच का निर्माण नही हो सका। वही सेतु निगम के सुत्रो का कहना है कि सेतु 90 प्रतिशत कार्य पुरा हो चुका है। जबकि जमीनी हकीकत अलग ही बया कर रही है।'वही लोक निर्माण के सूत्रों का कहना है कि कार्यपूरा होने में काफी बिलम्ब हुआ जिससे लागत दूनी हो चुकी है। जिसके कारण कार्य पूरा होना सम्भव नही है। सनद रहे कि पुल का निर्माण कार्य नवम्बर 2017 से आरम्भ हुआ। पुल की लंबाई लगभग 1300 मीटर है। इस पुल का निर्माण दोनों संस्थाओं द्वारा पूरा होना है। सूत्रों का कहना है की बजट के अभाव में पुल का कार्य बंद हो गया।कार्य बंद होने के कारण लोगो मे मायूसी छा गई' अब लोगो की निगाहें बर्तमान सरकार की तरफ आ टीकी है। इस पुल का निर्माण बर्तमान सरकार में पूरा होगा या घाघरा नदी में खड़े खम्भे हाथी के दाँत की तरह दिखाई देगा।यह प्रश्न शासन प्रशासन व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियो पे खड़ा पड़ा है।

## बेहतर कार्यों के लिए सम्मानित हुए आरक्षी आनंद यादव



बृजमनगंज थाने पर तैनात आरक्षी आनन्द यादव को उनके अच्छे कार्यों और राजकीय कार्यो का सम्पादन समय से निष्ठापूर्वक करने के लिये पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर परिक्षेत्र जे रविन्दर गौड़ द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।बृजमनगंज में थाने पर तैनात आरक्षी आनन्द यादव को जनता के प्रति बेहतर संवाद व अच्छे व्यवहार के लिए थाने का उत्कृष्ट पुलिसकर्मी चुना गया। प्रशस्ति पत्र मिलने पर थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह व अन्य पुलिसकर्मियों ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया।

# एकेडेमिक ग्लोबल स्कूल में धूमधाम से मना विदाई समारोह

### शमी यादव मिस फेयरवेल व प्रज्ज्वल सग्गर मिस्टर फेयरवेल चुने गए

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। पादरी बाजार क्षेत्र के



जंगल धूषण स्थित एकेडमिक ग्लोबल स्कूल में बुधवार को कक्षा बारहवीं के छात्रों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के चेयरमैन संजीव कुमार, निदेशक राजेश कुमार, सहायक निदेशक संदीप कुमार, करुणा भदानी, प्रधानाचार्य वीसी चॉको व एडमिनिस्ट्रेटर अफरोज खान ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में कक्षा ग्यारहवीं की शान्वी, अंजली, सौम्या, अनुश्री व प्रनन्या ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। शान्वी अग्रवाल ने कान्हा माने न गीत पर व श्वेता मिश्रा ने पंजाबी गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। अपराजिता मिश्रा, साक्षी सिमरन द्विवेदी, जेबा अख्तर, दिशांत मिश्रा व मोहक श्रीवास्तव ने अपने अनुभवों को साझा किया। शान्वी सिंह, स्नेहा व आर्या ने ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे गीत प्रस्तुत किया। उदय व करन कसेरा सहित अन्य ने विद्यालय के खट्टी मीठी यादों पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत किया। अदिति वर्मा व दिव्या मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया। कक्षा ग्यारहवीं की अपूर्वा, अंजलि व सृष्टि ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। पलक, सुदीक्षा, अंजलि, श्रुति, वैभवी व श्रेया ने रांझणा गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। इसके अलावा सिद्धि व आशी ने 12वीं के छात्रों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के चेयरमैन संजीव कुमार ने कहा कि प्रश्नों को क्रमबद्ध लिखने से परीक्षक पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक अर्जित करने से छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ता है।




## दसवीं के छात्रों को दी गयी गुड लक पार्टी

इसके अलावा कक्षा दसवीं के छात्रों का गुडलक (आशीर्वचन) कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। इसके बाद अभिषेक व उनकी टीम, कशिश व मान्या सिंह की टीम ने नृत्य प्रस्तुत किया। इसके अलावा अंशिका, शालिनी ने नृत्य जबकि साक्षी, अनन्या अंशिका ने सस्वर कविता पाठ किया। अमृतांशु, रश्मि, अर्पिता, अपूर्वा, शाल्वी, तान्या, कृष्णा, मंथन आदि ने अपनी यादें लोगों के साथ साझा की। प्रांजल उपाध्याय व शुभम यादव प्रतियोगिता में विजयी रहे। इसके अलावा पीयूष मणि ने गीत तो वही सृष्टि व दिव्या ने डांस प्रस्तुत किया। आदित्य बरनवाल ने स्कूल में बिताए गए खट्टी मीठी यादों को लोगों के साथ साझा किया। कार्यक्रम का संचालन तनुश्री व अपूर्वा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# बाल संरक्षण अभियान की समापन पर सीडीओ ने कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित







दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। श्रम विभाग, यूनिसेफ और उद्दमिता विकास संस्थान उत्तर प्रदेश के सहयोग से चलायी जा रही बल संरक्षण जन जागरण अभियान के प्रथम चरण का समापन कार्यक्रम आज मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर संजीव कुमार मौर्या के अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में संपन्न की गयी। जन जागरण अभियान को चला रही कानपूर की संस्कार संस्था से अभियान के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत के कुछ घरों का सर्वे भी किया था जिससे कुछ ऐसे बच्चे चिन्हित किये गए थे जिनका विद्यालय में नामांकन नहीं है तो कुछ बच्चो का नामांकन तो है परन्तु प्रतिदिन विद्यालय न जाकर कही ना कही कार्य करते है इसी प्रकार कुछ ऐसे घर भी चिन्हित किये गए है जहाँ बाल विवाह होने की संभावना है। संस्था ने इस सभी मुद्दों को पॉवर पॉइंट के माध्यम से माननीय मुख्य विकास अधिकारी के सामने प्रस्तुत किया। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बंधित विभाग के अधिकारीयों को निर्देशित किया की इन मुद्दों को जल्द से जल्द समाधान किया जाय। इसके साथ ही साथ उन्होंने उपस्थित ग्राम प्रधानो और पंचायत सहायको को भी कहा की आप अपने ग्राम पंचायत को मजबूत बनाने की लिए इन विषयों पर भी कार्य करे। जन जागरण कार्यक्रम को सहयोग प्रदान करने वाले कुछ ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक, सामाजिक कार्यकर्त्ता और एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट बलरामपुर के कुछ सदस्यों को मुख्य विकास अधिकार द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर, सहायक श्रमायुक्त बलरामपुर, श्रम प्रवर्तन अधिकारी बलरामपुर, एएच्टीयु प्रभारी बलरामपुर और यूनिट के सदस्य, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति और सदस्य, महिला कल्याण अधिकारी, यूनिसेफ के दया शंकर अनिल, मनोज तिवारी के अलावा कुछ ग्राम पंचातो के ग्राम प्रधानो, पंचायत सहायको के अलावा कई सामाजिक कार्यकर्त्ता भी उपस्थित रहे।

## दुग्धेश्वरनाथ मंदिर की परखी सुरक्षा व्यवस्था

रुद्रपुर। पौराणिक तीर्थ स्थल दुग्धेश्वरनाथ मंदिर पर महाशिवरात्रि को लगने वाले मेले की सुरक्षा व्यवस्था का डीएम और एसपी ने निरीक्षण किया। उन्होंने मेला परिसर और मंदिर प्रवेश द्वार पर बैरिकेडिंग के बारे में जानकारी ली। उन्होंने तहसील प्रशासन को मंदिर के अंदर, बाहर ड्रोन और सीसीटीवी लगवाने का निर्देश दिया।

मंदिर परिक्षेत्र में पुलिस, पीएसी के साथ मेला प्रशासन और स्थानीय वालंटीयर भी मौजूद रहेंगे। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने मंदिर के गर्भगृह में भीड़ के आने जाने के बारे में निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गर्भगृह में भीड़ को नियंत्रण की अवस्था में ही भेजा जाएगा।

जगह–जगह बैरिकेडिंग करा कर श्रद्धालुओं को जलाभिषेक कराने के लिए अंदर छोड़ा जाएगा। मेला परिक्षेत्र और मंदिर की सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी। नगर पंचायत प्रशासन को सफाई और पथ प्रकाश दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं। पुलिस, पीएसी के साथ मंदिर प्रशासन के लोग भी मौजूद रहेंगे।

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पार्किंग स्थल और रुद्रपुर गोरखपुर मार्ग का रूट डायवर्जन किया जाएगा। स्काउट और एनसीसी के कैडेट में मंदिर की व्यवस्था में सहयोग करने में लगे रहेंगे। इस अवसर पर एसडीएम ध्रुव कुमार शुक्ला, सीओ पंचम लाल, कादम्बरी सिंह, ईओ कमलेश कुमार शाही आदि मौजूद रहे।

## बच्चो ने जाना पुस्तकालय का महत्व

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर में "पुस्तकालय" में जाकर कक्षा–5 के समस्त छात्र–छात्राओ को विभिन्न प्रकार के पुस्तकों से परिचित कराया गया। जिसमें कामिक्स, मैग्जीन, इनसाइक्लोपीडिया, न्यूज पेपर (हिन्दी एव अंग्रेजी) आदि अध्ययन सामग्री छात्र–छात्राओं को उपलब्धा कराके अध्ययन कराया गया। पुस्तकालय अध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला तथा कक्षा अध्यापिका किरन मिश्रा के देखरेख में सभी छात्र–छात्राओं को पुस्तको का अध्ययन कराया गया। पुस्तकालय अध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला ने पुस्तकालय में मौजूद विभिन्नप्रकार के पुस्तकों से छात्र–छात्राओं को अवगत कराया। कक्षा अध्यापिका किरन मिश्रा ने बच्चों से बताया कि बच्चों आज के सभी युवा पीढ़ी तथा छोटे बच्चे मुख्यतः किताबों को भूलते जा रहे है तथा गूगल पर निर्भर होते जा रहे है, जिससे उनकी स्मरण शक्ति कमजोर होती जा रही है। बच्चे अपने पुस्तक तथा अध्यापकों से ज्यादा गूगल पर निर्भर होते जा रहे है, जिससे उनकी सोचने समझने की शक्ति क्षीण होती जा रही है। पुस्तकाल अध्यक्ष अशोक कुमार शुक्ला ने बच्चों से कहा कि हमें मोबाइल पर निर्भर न होकर ज्यादा से ज्यादा पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए। पुस्तक अध्ययन एक प्रकार का मानसिक व्यायाम है, जो हमारे मस्तिष्क के विकास में सहायक है। कक्षा अध्यापिका किरन मिश्रा ने बच्चों से बताया कि इनसाक्लोपीडिया एक प्रकार से गूगल ही है जिसमें विभिन्न विषयों की जानकारी को रूचिकर एवं प्रयोगात्मक माध्यक के द्वारा प्राप्त कर सकते है। गूगल किसी भी जानकारी को खोजने का माध्यम है इससे बच्चे विभिन्न प्रकार के उपयोगी तथा अनुपयोगी जानकारी से जुड़ते चले जाते है। "पुस्तकालय" मे विद्यालय के प्रबन्धा निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी ने जाकर बच्चों से विभिन्न प्रकार के विषयों पर जो बच्चे अध्ययन कर रहे थे, उसकी जानकारी प्राप्त की तथा बच्चों से बताया कि आप सभी मोबाइल से दूर रहकर किताबों को अपना परम मित्र बनायें तथा शिक्षक के द्वारा दी गयी विभिन्न जानकारियों को अपनी नोट बुक में लिखते रहे। इससे आपकी स्मरण शक्ति अच्छी रहेगी। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या शिखा पाण्डेय, पुस्तकालय अध्यक्ष अशोक शुक्ला, किरन मिश्रा तथा एम0एस0पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।



## छात्रों के शैक्षिक उन्नयन के लिए गोष्टी का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। एम एल के पी जी कॉलेज बलरामपुर के वनस्पति



विज्ञान विभाग में शुक्रवार को शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में द्वितीय व चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र–छात्राओं के अभिभावकों ने शैक्षिक उन्नयन हेतु अपने–अपने सुझाव दिए। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर जे पी पाण्डेय ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए अभिभावकों की भी भूमिका जरूरी है। अपने पाल्यों को शैक्षिक उन्नयन के प्रति जागरूक करना चाहिए। विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन ने सभी छात्र–छात्राओं को कक्षा में उपस्थिति पर जोर देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान अभिभावकों ने भी शिक्षा की गुणवत्ता को बनाये रखने व छात्रों के कक्षाओं में उपस्थिति पर अपने अपने सुझाव दिए। इस अवसर पर डॉ मो0 अकमल, डॉ शिव महेंद्र सिंह, डॉ श्रवण कुमार, डॉ राहुल यादव, डॉ राहुल कुमार, अजय श्रीवास्तव, विपिन तिवारी,राशि सिंह आदि मौजूद रहे।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

## डीएम ने किया विकास भवन स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण

दैनिक बुद्ध का संदेश

- विकास भवन के निरीक्षण के दौरान साफ सफाई पर जताई नाराजगी
- पान की पीक दीवार पर मारने वालों पर जुर्माना लगाए जाने का दिया निर्देश

बलरामपुर। डीएम डॉ महेंद्र कुमार द्वारा विकास भवन स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर, आरसीटी, कार्यालय उपायुक्त मनरेगा, कार्यालय जिला विकास अधिकारी, कार्यालय युवा कल्याण अधिकारी, कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, कार्यालय समाज कल्याण अधिकारी, कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी, कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, कार्यालय मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, कार्यालय अर्थ एवं संख्याधिकारी,कार्यालय पिछड़ा वर्ग अधिकारी,कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, कार्यालय जिला मिशन प्रबंधक, कार्यालय परियोजना निदेशक डीआरडीए का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कार्यालयों में खुले रखे फाईलो को अलमारियों में रखे जाने, पुरानी एवं निष्प्रयोज फाईलो का निस्तारण किए जाने, पटल सहायको की मेंज पर नाम एवं कार्य का विवरण रखे होने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने शौचायल की स्थिति का जायजा लिया। विकास भवन में साफ सफाई की व्यवस्था पर नाराजगी जताई,दीवारों पर पान की पीक मारने वाले पर जुर्माना किए जाने का निर्देश दिया। विकास भवन के निरीक्षण के दौरान डीएम द्वारा नई पहल की गई,उन्होंने कार्यालयों में करने वाली महिला कर्मी जो अपने बच्चो को ड्यूटी पर लाती है,उन बच्चो के लिए विकास भवन में प्ले रूम बनाए जाने का निर्देश दिया ,जहा बच्चो के लिए खेलने के लिए खिलौने आदि की व्यवस्था हो। इस दौरान डीएम ने अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे जनमानस से बात की गई एवं उनकी समस्याओं का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य उपस्थित रहे।

## राष्ट्रवादी पार्टी आफ इण्डिया के कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौपा

दैनिक बुद्ध का संदेश



सोनभद्र। सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा रामचरितमानस पर अभद्र टिप्पणी के संबंध में राष्ट्रवादी पार्टी आफ इंडिया के कार्य समिति के सदस्य विजय शुक्ला की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन पत्र उप जिलाधिकारी दुद्धी शैलेंद्र मिश्रा को सौंपा। पत्रक में लिखा है कि सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने हिंदू धर्म की आस्था के केंद्र रामचरितमानस पर अभद्र टिप्पणी की है उसकी प्रतियों को जलाने का काम किया है जिससे हिंदू जनमानस की भावना अत्यंत आहत हुई है।यह धर्म ग्रंथ मानव जाति को आदर्श एवं नैतिकता पूर्ण जीवन की शिक्षा देने के साथ ही गुलामी के समय से ही हिंदू एकजुटता का काम करता रहा है चौपाई का अर्थ समझे बिना अभद्र टिप्पणी करना गंभीर अपराध है। स्वामी प्रसाद मौर्य पर कठोर कार्यवाही की मांग की है। इस मौके पर हरेंद्र मिश्रा, श्याम किशोर मिश्रा, विकास पाठक, मुन्ना गुर्जर, दिनेश कन्नोजजिया व मो0 आजाद मौजूद रहे।

## रूद्रा माडर्न पब्लिक स्कूल में महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर निकाली गयी झाकी



दैनिक बुद्ध का संदेश

करमा,सोनभद्र। रूद्रा माडर्न पब्लिक स्कूल केडिया भगौती में महाशिवरात्रि की पूर्व संध्या पर छात्र छात्राओं द्वारा भगवान शिव देबी पार्वती की झाकी निकाली गयी शिव तांडव प्रस्तुत किया गया साथ में बिभिन्न सास्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया उक्त अवसर पर प्रधानाचार्य आलोक पाण्डेय समस्त शिक्षक शिक्षिकाए परिचारक बंधू उपस्थित रहे।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।

आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458

संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा

सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा

9415163471, 9453824459

दैनिक बुद्ध का संदेश

9795951917,9415163471

@budhakasandesh

budhakasandeshnews@gmail.com

www.budhakasandesh.com

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# परीक्षा के तनाव को नियंत्रित रखने के लिए इन 5 खाद्य पदार्थों का करें सेवन



छात्राओं की फाइनल परीक्षा का समय अब नजदीक आ रहा है और अगले कुछ दिन छात्रों के लिए तनावपूर्ण हो सकते हैं। परीक्षा का कुछ हद तक तनाव छात्रों को परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करता है, लेकिन अगर यह नियंत्रण से बाहर हो जाए तो इससे प्रदर्शन खराब भी हो सकता है। आइए आज ऐसे पांच खाद्य पदार्थ जानते हैं, जिनके सेवन से परीक्षा के तनाव और चिंता को कम करने में मदद मिल सकती है।

फल और सब्जियों का सेवन करें

फल और सब्जियां विटामिन, खनिज और एंटी–ऑक्सीडेंट से भरपूर होती हैं, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद होते हैं। इनके सेवन से तनाव कम होता है और ये छात्रों के दिमाग को मजबूत बनाने में मदद करते हैं। इसके लिए अपनी डाइट में जामुन, पत्तेदार साग और खट्टे फल जैसे सभी प्रकार के मौसमी फल और सब्जियों को शामिल करें। इसके अलावा आपको आलू का सेवन अधिक करने से बचना चाहिए।

दही का सेवन भी है जरूरी

परीक्षा से पहले अक्सर अभिभावक अपने बच्चों को दही–शक्कर खिलाते हैं। दरअसल, इसके पीछे भी एक कारण है। परीक्षा से पहले ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करना जरूरी होता है, जो आपको पेट से संबंधित समस्याओं से बचाने और आंतों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करते हों। दही में बैक्टीरिया और प्रोबायोटिक्स होते हैं, जो आंतों में माइक्रोबायोम को संतुलित करने में मदद करते हैं। यह स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होते हैं।

डार्क चॉकलेट का सेवन करें

डार्क चॉकलेट में फ्लेवोनॉयड्स होता है। यह दिमाग में सुधार और तनाव को कम करने में मददगार होता है। इसमें थियोब्रोमाइन भी मौजूद होता है, जो शरीर को आराम पहुंचाने में मदद कर सकता है। डार्क चॉकलेट में मौजूद फेनिलथाइलामाइन शरीर के हैप्पी हार्मोन एंडोर्फिन के उत्पादन को बढ़ा देता है, जिससे आप अच्छा महसूस करते हैं। इसके अलावा डार्क चॉकलेट में मौजूद कैफीन आपके मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है।

कार्बोहाइड्रेट युक्त खाद्य पदार्थों को करे डाइट में शामिल

कार्बोहाइड्रेट शरीर और दिमाग को ऊर्जा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे परीक्षा के दौरान तनाव को नियंत्रित करने में मदद मिल सकती है। यह मूड को बदलने वाले सेरोटोनिन नामक न्यूरोट्रांसमीटर के उत्पादन को तेज कर सकता है। साबुत अनाज, फल और सब्जियां कॉम्प्लेक्स कार्बोहाइड्रेट युक्त होती हैं, जो आमतौर पर साधारण कार्बोहाइड्रेट से बेहतर होते हैं। इनके सेवन से छात्रों को तनाव कम करने में मदद मिलेगी।

मेवे और बीज भी हैं मददगार

मेवे और बीज मैग्नीशियम, जिंक और विटामिन ई जैसे कई आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। इसके अलावा इनमें ओमेगा–3 और ओमेगा–6 फैटी एसिड जैसे स्वस्थ वसा होते हैं, जो दिमाग के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। इनके सेवन से पेट भी देर तक भरा रहता है और भूख कम लगती है। इसके लिए अपनी डाइट में बादाम, अखरोट, कद्दू के बीज या सूरजमुखी के बीज शामिल करें।

# तारक मेहता का उल्टा चश्मा के निर्देशक ने अभिनेत्री जयश्री सोनी को लीड रोल में कास्ट किया



प्रसिद्ध भारतीय टेलीविजन अभिनेत्री जयश्री सोनी प्रोफेसर पांडे के पांच परिवार नामक एक कॉमेडी शो के साथ टेलीविजन उद्योग में धमाकेदार वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जहां वह मुख्य भूमिका निभाती हैं। जानी–मानी अभिनेत्री जयश्री सोनी चार साल के अच्छे ब्रेक पर थीं और ऑस्ट्रेलिया में थीं। वह अब टेलीविजन उद्योग में वापस लौट रही हैं। उन्होंने वहां एक हॉलीवुड फिल्म की और थिएटर में भी खुद को व्यस्त रखा। भारत लौटने के बाद उन्हें यह अवसर मिला और उन्होंने इसे हड़प लिया। जयश्री सोनी बताती हैं कि कहानी एक मोहल्ले में रहने वाले पांच परिवारों की है। वह मधु नाम की एक पात्र की भूमिका निभाएंगी। मधु अपने परिवार के साथ पड़ोस में रहती है। उसे संदीप आनंद के साथ कास्ट किया गया है जो मधु के पति नंदू की भूमिका निभा रहे हैं। वह उसके साथ गहराई से और पागलपन से प्यार करती है पति और वह उसके ताने का भी बुरा नहीं मानती और महसूस करती है कि वह उन्हें उसके भले के लिए ही कह रहा होगा। उसकी एक सास भी है, जिसका किरदार मंजू शर्मा ने निभाया है और शो में उसका एक बच्चा भी है। यह है न केवल एक कॉमेडी शो बल्कि इसका एक भावनात्मक पक्ष भी है। यह एक कॉमेडी शो है और प्रसिद्ध टेलीविजन शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा के प्रसिद्ध निर्देशक मानव राज द्वारा निर्देशित है। यह नया शो बहुत ही आशाजनक लग रहा है और चूंकि यह एक कॉमेडी शो है, इसमें निश्चित रूप से कुछ पंच लाइनें भी हैं। इस निर्देशक ने 14 साल तक तारक मेहता का उल्टा चश्मा का निर्देशन भी किया है और अब शो में चोरी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। शो में प्रोफेसर पंडित जैसे कई अलग–अलग किरदार हैं जिन्होंने पूरे मोहल्ले को एक परिवार की तरह एकजुट रखा है। यह शो की मूल अवधारणा है। जब जयश्री से पूछा गया तो उन्होंने कहा, यह अब तक के सबसे अच्छे किरदारों में से एक है। वह वास्तव में सेट पर जाने और उसी की शूटिंग करने का आनंद ले रही है। उनके लिए एक शानदार वापसी है और यह किरदार दर्शकों को पसंद आएगा। उनके लिए फिर से कैमरे का सामना करना और शो के लिए शूट करना एक खुशी का क्षण था। उन्हें लगता है कि शूटिंग उनके जीवन का एक हिस्सा है। वह एक पेशेवर की तरह कैमरे का सामना करने में सक्षम हैं। उन्होंने इसे एक बहुत ही सुंदर उदाहरण के साथ समझाया।

# राणा दग्गुबाती ने लक्ष्मी मांचू की अग्निनक्षत्रम की पहली झलक जारी की



अभिनेत्री लक्ष्मी मांचू आगामी फिल्म अग्निनक्षत्रम में एक पुलिस वाले की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं, जिसकी पहली झलक हाल ही में बाहुबली स्टार राणा दग्गुबाती ने जारी की है। फिल्म में लक्ष्मी के पिता मोहन बाबू गारू, समुथराकानी, विश्ववंत चित्रा, सिद्दीकी और कुछ अन्य कलाकार भी हैं। फिल्म को एक हाई ऑक्टेन क्राइम थ्रिलर है। फिल्म में लक्ष्मी के लुक और किरदार के बारे में बात करते हुए राणा ने कहा, लक्ष्मी इस फिल्म से सभी को हैरान करने वाली हैं। वह एक पुलिस वाले और बदमाश की भूमिका में हैं। मैंने कुछ भागदौड़ देखी है और यह वास्तव में शानदार लग रहा है। लक्ष्मी एक प्यारी दोस्त हैं और मुझे फिल्म की एक झलक दिखाने में बहुत खुशी हो रही है। लक्ष्मी ने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा । राणा एक करीबी दोस्त, एक विश्वासपात्र हैं और वह मेरे हर काम में मेरा सहयोग करते हैं। मुझे यह देखकर खुशी हुई कि उन्होंने टीम को शुभकामनाएं दी हैं, वह शुरुआत से ही मेरे इस प्रोजेक्ट के लिए उत्साहित हैं। यह बेहद खास है। उन्होंने आगे कहा, पिताजी के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करना एक सपने के सच होने से परे है और इसे बनाने के लिए मुझे और अधिक खुशी मिलती है। मैं स्क्रीन पर इसके हिट होने का इंतजार नहीं कर सकती। पिता–पुत्री की जोड़ी द्वारा अपने होम बैनर, श्री लक्ष्मी प्रसन्ना पिक्चर्स और मांचू एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित, फिल्म वामसी कृष्णा मल्ला द्वारा निर्देशित है।

